3 | बस्तर संभाग
पीएचई कार्यपालन अभियंता के संरक्षण से ठेकेदारों को ना ...

6 | अभिमत
उर्वरक सब्सिडी के बजाय डीबीटी उपयोगी

7 | दुर्ग संभाग
देश के नामचीन कवियों के उत्कृष्ट कविता पाठ से रसज्ञ श्रोता ...

10 | संस्कारधानी
एकलव्य विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता ...

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
www.dailypioneer.com रायपुर, गुरुवार 18 अगस्त 2022 पृष्ठ-12 वर्ष-06, अंक- 356 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### कांग्रेस ने हिमाचल के लिए गठित की चुनाव समिति

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने हिमाचल विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पार्टी की 14 सदस्यीय चुनाव समिति का गठन किया है। कांग्रेस महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि समिति के सदस्यों के नाम के प्रस्ताव को पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी ने मंजूरी दी है और सभी सदस्यों से तत्काल अपना काम शुरू करने को कहा है। उन्होंने कहा कि समिति में वरिष्ठ नेता प्रतिभा सिंह, मुकेश अग्निहोत्री, आनंद शर्मा, सुखविंदर सिंह सुक्खू, विप्लव ठाकुर, आशा कुमारी, ठाकुर कौल सिंह, कुलदीप सिंह राठौड़, कर्नल धनीराम शांडिल, रामलाल ठाकुर, हरीश महाजन, राजेंद्र राणा, विनय कुमार और रजनीश कीमटा को शामिल किया गया है।

### भारत को दुनिया का सबसे मजबूत देश बनाना हमारा मिशन : केजरीवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि 'मेक इंडिया नंबर-1' के लिए हमें सबको अच्छी और मुफ्त शिक्षा व स्वास्थ्य सुविधाएं, हर युवा को रोजगार, हर महिला को सम्मान व सुरक्षा और किसानों को फसल का पूरा दाम देना होगा केजरीवाल ने ताल कटोरा स्टेडियम में आज राष्ट्रीय मिशन 'मेक इंडिया नंबर-1' की शुरूआत करते हुए कहा कि भारत को दुनिया का सबसे मजबूत देश बनाना हमारा मिशन है। आइए मिलकर भारत को नंबर-1 बनाते हैं। इसके लिए हमें देश में सबको अच्छी और मुफ्त शिक्षा व स्वास्थ्य सुविधाएं, हर युवा को रोजगार, हर महिला को सम्मान व सुरक्षा और किसानों को फसल का पूरा दाम देना, यह पांच चीजें सुनिश्चित करनी पड़ेगी।

### रुपया 29 पैसे मजबूत

**मुंबई।** दुनिया की प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर में मजबूती के बावजूद घरेलू शेयर बाजार में लगातार जारी तेजी की बदौलत आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया 29 पैसे चढ़कर 79.45 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच गया। पिछले कारोबारी दिवस रुपया 12 पैसे गिरकर 79.74 रुपये प्रति डॉलर पर रहा था। शुरुआती कारोबार में रुपया 42 पैसे की छलांग लगाकर 79.32 रुपये प्रति डॉलर पर खुला। सत्र के दौरान बिकवाली से समर्थन पाकर यह 79.26 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच गया जबकि लिवाली के दबाव में 79.48 रुपये प्रति डॉलर के निचले स्तर तक लुढ़क गया।

# सामाजिक ताना-बाना के चंदेल

ए.एन. द्विवेदी < रायपुर
www.dailypioneer.com

पायनियर खास

भारतीय जनता पार्टी 13 माह पहले ही चुनावी मोड पर आ चुकी है। कार्यकर्ताओं को रिचार्ज करने के लिए भाजपा ने एक बार फिर बड़ा और कड़ा संदेश देते हुए किलेबंदी की ओर एक और कदम बढ़ाया है। प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय को बदलने के महज 7 दिन बाद नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक से पार्टी ने पद छीन लिया और अब यह जिम्मेदारी नारायण चंदेल को दी है। नारायण चंदेल रमन सरकार में विधानसभा उपाध्यक्ष रह चुके हैं। हालांकि उन्हे रमन मंत्रीमण्डल में कभी जगह नहीं मिली। उन्हें प्रदेश में सरल, सहज नेता के रुप में जाना जाता हैं। सवाल यह उठता है कि आखिर धरमलाल कौशिक से पद छीनकर परफॉरमेन्स के लिहाज से ठीक वैसे ही चेहरे को जबाबदारी क्यों दी गई? जबकि नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी तो तेज तर्रार विधायक, अजय चंद्राकर, बृजमोहन अग्रवाल या शिवतरन शर्मा को दी जा सकती थी। दरअसल अजय चन्द्राकर, बृजमोहन अग्रवाल को नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी न देने की प्रमुख वजह है रमन सरकार में लगातार मंत्री रहना। 2018 में रमन मंत्रीमण्डल से सिर्फ 3 चेहरे ही चुनाव जीत सके बाकी मंत्रियों का सफाया हो गया। अब पार्टी पुराने चेहरों को फिर बड़ी जवाबदारी देकर आगे कोई रिस्क लेना नहीं चाहती। इसलिए अजय चंन्द्राकर, बृजमोहन अग्रवाल और शिवरतन शर्मा को तवज्जों नहीं दिया गया। भाजपा ने सेकण्ड लाइन के नेताओं को आगे खड़ा करना शुरु कर दिया। जिसकी शुरुआत प्रदेश अध्यक्ष को बदलकर फ्रेस चेहरा लाकर की गई। अब नेता प्रतिपक्ष को बदलकर एक बार फिर चौंका दिया। हालांकि चंदेल नेता प्रतिपक्ष की परिपाटी में एकदम फिट हैं इससे पूर्व भी जिन नेताओं ने छत्तीसगढ़ में नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी संभाली वह भी लगभग चंदेल के सियासी स्वभाव के रहे या यूं कहे कि कोई भी नेता प्रतिपक्ष तेजतर्रार नहीं रहा चाहे सर्वप्रथम नेता प्रतिपक्ष नंदकुमार साय की बात करें, या दिवंगत नेता महेन्द्र कर्मा की बात की जाए, रविन्द्र चौबे, टीएस सिंहदेव या स्वयं धरमलाल कौशिक हों। इन नेताओं के मिजाज या सियासी स्वभाव को देखा जाए तो नेता प्रतिपक्ष की परिपाटी अनुरुप नारायण चंदेल एकदम फिट है। अविभाजित मध्यप्रदेश में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से लेकर राजनीति में उन्होनें पीछे मुड़कर नहीं देखे। उनकी सियासी कौशल को देखते हुए भाजपा ने उन्हें राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग का अध्यक्ष भी बनाया था। छत्तीसगढ़ एक ऐसा राज्य हैं जहां सामाजिक ताना-बाना बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। दरअसल नारायण चंदेल में भाजपा को सामाजिक ताना-बाना के लिहाज से एक बड़ी उम्मीद दिखी जिसके कारण कौशिक को हटाकर उसी समाज के नेता को जवाबदेही सौंपी गई। नरायण चंदेल कुर्मी समाज से हैं और कांग्रेस पार्टी के अहम चेहरा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी इसी समाज से आते हैं। बिलासपुर सम्भाग में चंदेल की सामाजिक पकड़ भी काफी मजबूत है। जो भाजपा को पिछले तीन सालों में कौशिक में नहीं दिखी। कुर्मी समाज के वोटरों को साधने नारायण चंदेल के नाम पर विचार किया गया। चंदेल के नाम को रायपुर के एक सबसे बड़े कुर्मी समाज के नेता ने भी रिकमेन्ड किया। भाजपा ने चंदेल के नाम को आगे करते हुए कुर्मी समाज के वोटों का ध्रुवीकरण करने की रणनीति की ओर कदम बढ़ाया है। इससे खासकर बिलासपुर सम्भाग में भाजपा लाभ लेने की स्थिति मे पहुंच सकती है। दूसरी तरफ कौशिक का परफॉरमेंस पार्टी मापदडों के अनुरुप नहीं रहा और सामाजिक ताना-बाना के लिहाज से बिलासपुर में भी वे छाप छोड़ने में नाकामयाब रहे। इसलिए उन्हे बाहर का रास्ता दिखाया गया। भाजपा यह भली-भॉंति जानती है कि अब चंदेल को आने वाले समय में सिर्फ तीन विधानसभा सत्रों का ही सामना करना है। उसके बाद राज्य में चुनावी प्रक्रिया शुरु हो जाएगी। इसलिए परफॉरमेंस के साथ-साथ सामाजिक वोटरों को जोड़ना भाजपा बेहद महत्वपूर्ण मान रही है।

अब भाजपा के समक्ष सवाल यह उठता है कि अपने सुदीर्घ राजनीति में चंदेल कांग्रेस सरकार अथवा विपक्षी पार्टी को कभी घेर नहीं पाए। क्या विधानसभा में भाजपा की उम्मीदों के अनुरुप भूपेश सरकार की घेरेबंदी कर पायेगें?

## चंदेल बने नेता प्रतिपक्ष



भाजपा ने छत्तीसगढ़ में प्रदेश अध्यक्ष के बाद विधायक दल का नेता भी आज बदल दिया। नारायण चंदेल भाजपा विधायक दल के नए नेता बनाए गए है। वह इसके साथ ही विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष भी होंगे। भाजपा की प्रदेश प्रभारी डी.पुरंदेश्वरी ने भाजपा विधायक दल की बैठक में चंदेल को नया नेता नियुक्त करने की घोषणा की। उन्हे धरमलाल कौशिक की जगह पर विधायक दल का नया नेता बनाया गया़ हैं। इस बैठक में प्रदेश के सह प्रभारी नितिन नवीन और पिछले महीने नियुक्त महामंत्री (संगठन) अजय जामवाल भी मौजूद थे। पार्टी ने अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं सांसद विष्णुदेव साय को हटाकर उनकी जगह पर बिलासपुर के सासंद अरूण साव को पिछले सप्ताह प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया था। साय राज्य में सबसे अधिक आबादी वाले आदिवासी वर्ग का प्रतिनिधित्व करते है जबकि साव सबसे ज्यादा आबादी वाले साहू समाज से है। नेता प्रतिपक्ष के पद पर रहे धरमलाल कौशिक भी ओबीसी वर्ग के कुर्मी समाज से थे, और उनकी जगह पर बनाए नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल भी इसी वर्ग से आते है। राज्य में पिछले चुनाव में कांग्रेस तीन चौथाई बहुमत से भी अधिक सीटे जीतकर सत्ता में आई थी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ओबीसी की कुर्मी जाति से आते है, और उनकी सरकार ने पिछले साढ़े तीन वर्ष में किसानों के लिए कई सीधी लाभकारी योजनाएं शुरू की है। ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार की साख ठीक होने की खबरों के बीच भाजपा ने फेरबदल कर जातीय समीकरणों को बिठाने की कोशिश की है।

# गडकरी, शिवराज पर गिरी गाज, हुए भाजपा संसदीय बोर्ड, चुनाव समिति से बाहर

पायनियर संवाददाता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने संसदीय बोर्ड और केन्द्रीय चुनाव समिति से पार्टी के ताकतवर नेताओं में शुमार होने वाले केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को बाहर का रास्ता दिखा दिया। भाजपा के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने पार्टी के 11 सदस्यीय नये संसदीय बोर्ड और 15 सदस्यीय नयी केन्द्रीय चुनाव समिति की घोषणा की। पार्टी के महासचिव अरुण सिंह ने दो विज्ञप्तियों में संसदीय बोर्ड एवं केन्द्रीय चुनाव समिति के नये सदस्यों के नामों की जानकारी दी। दोनों निकायों में शामिल नये सदस्यों में कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बी एस येदियुरप्पा और केन्द्रीय मंत्री सर्वानंद सोनोवाल को शामिल किया गया है। भाजपा के नये संसदीय बोर्ड के सदस्यों में भाजपा अध्यक्ष नड्डा के अलावा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह, कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री येदियुरप्पा, केन्द्रीय मंत्री एवं असम के पूर्व मुख्यमंत्री सोनोवाल, महासचिव के. लक्ष्मण, इकबाल सिंह लालपुरा, राष्ट्रीय सचिव सुधा यादव, लंबे समय से हाशिये पर चल रहे पूर्व केन्द्रीय मंत्री सत्यनारायण जटिया तथा भाजपा के संगठन महासचिव बी एल संतोष शामिल है। भाजपा के नयी केन्द्रीय चुनाव समिति में भाजपा अध्यक्ष नड्डा, प्रधानमंत्री मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह, येदियुरप्पा, सोनोवाल, महासचिव के. लक्ष्मण, इकबाल सिंह लालपुरा, सुधा यादव, सत्यनारायण जटिया, केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस, पार्टी के उपाध्यक्ष ओम माथुर, भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष वनथी श्रीनिवासन (पदेन) तथा भाजपा के संगठन महासचिव बी एल संतोष को शामिल किया गया है। निवर्तमान संसदीय बोर्ड एवं केन्द्रीय चुनाव समिति के सदस्य गडकरी और चौहान को इन दोनों निकायों में जगह नहीं मिली है। नये संसदीय बोर्ड में राज्यों में नेतृत्व करने वाले किसी भी सदस्य को स्थान नहीं दिया गया है।

# रोहिंग्या को दिल्ली में फ्लैट नहीं दिये जायेंगे : गृह मंत्रालय

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com




गृह मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि राजधानी में अवैध रूप से रहने वाले रोहिंग्या समुदाय के लोगों को दिल्ली में फ्लैट नहीं दिये जायेंगे और उसने इस संबंध में किसी को कोई निर्देश नहीं दिया है। मंत्रालय ने एक वक्तव्य जारी कर कहा कि मीडिया के एक वर्ग में इस तरह की खबर आ रही है कि रोहिंग्या समुदाय के लोगों को राजधानी के बक्करवाला में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों के लिए बनाये गये फ्लैट दिये जायेंगे। दरअसल यह विवाद केन्द्रीय शहरी कार्य एवं आवास मंत्री हरदीप सिंह पुरी के एक ट्वीट के बाद पैदा हुआ जिसमें कहा गया था कि रोहिंग्या समुदाय के लोगों को बक्करवाला में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों के लिए बनाये गये फ्लैट में स्थानांतिरत किया जायेगा। इस ट्वीट के बाद आम आदमी पार्टी तथा खुद भारतीय जनता पार्टी के नेता तथा हिन्दू संगठन के कार्यकर्ता इसके विरोध में उतर आये और उन्होंने इसकी कड़ी आलोचना की। इसके बाद गृह मंत्रालय ने सफाई देते हुए कहा कि सरकार ने इस संबंध में किसी को कोई निर्देश नहीं दिया है। मंत्रालय ने कहा है कि दिल्ली सरकार ने रोहिंग्या समुदाय के लोगों को नयी जगह पर स्थानांतरित करने का प्रस्ताव दिया था जबकि केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने दिल्ली सरकार से यह सुनिश्चित करने को कहा था कि रोहिंग्या समुदाय के लोगों को उनकी मौजूदा जगह कंचन कुंज , मदनपुर खादर में ही रखा जाये क्योंकि उन्हें उनके देश वापस भेजने के लिए संबंधित देश की सरकार के साथ विदेश मंत्रालय ने यह मामला उठाया है।

# सुप्रीम कोर्ट ने कहा, राजनीतिक दलों को वादे करने से नहीं रोक सकते

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



उच्चतम न्यायालय ने चुनावी लोकलुभावन वादों के खिलाफ दायर याचिका पर बुधवार को कहा कि वह राजनीतिक दलों को मतदाताओं से वादे करने से नहीं रोका सकता। मुख्य न्यायाधीश एन. वी. रमना और न्यायमूर्ति जे. के. माहेश्वरी और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ ने कहा कि वह राजनीतिक दलों को मतदाताओं से वादे करने पर रोक नहीं सकती लेकिन इस मुद्दे पर विचार किया जाना चाहिए कि क्या सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा, पीने के पानी जैसी आवश्यक चीजों को जनता तक तक पहुंचाने को मुफ्त उपहार की श्रेणी में माना जा सकता है। शीर्ष अदालत ने कहा कि वास्तव में ये कुछ ऐसी योजनाएं हैं, जो नागरिकों के अधिकार हैं तथा उन्हें जीवन की गरिमा प्रदान करती हैं। मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ ने यह भी कहा कि यह मुद्दा 'तेजी से जटिल' होता जा रहा था और सवाल यह था कि सही वादे क्या हैं? पीठ ने कहा कि हम राजनीतिक दलों को वादे करने से नहीं रोक सकते हैं। सवाल यह है कि बहस और चर्चा होनी चाहिए कि सही वादे क्या हैं। क्या हम मुफ्त शिक्षा के वादे, सत्ता की कुछ आवश्यक इकाइयों को मुफ्त के रूप में वर्णित कर सकते हैं? मुख्य न्यायाधीश ने ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार मुहैया कराने वाली 'महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम' जैसी योजना का भी हवाला दिया। न्यायमूर्ति रमना ने संबंधित पक्षों से कहा कि मनरेगा ऐसी योजना है, जो जीने की गरिमा देती हैं। मुझे नहीं लगता कि वादे केवल पार्टियों के चुने जाने का आधार हैं।

# कांकेर में दुर्लभ प्रजाति का जीव हनी बेजर मिला



**कांकेर।** कांकेर जिले में एक दुर्लभ प्रजाति का जीव मिला है। दुधावा वन परिक्षेत्र के जंगलों में अनोखे जानवर को देखकर ग्रामीण भी हैरान रह गए। सूचना पर वन विभाग की टीम ने दुर्लभ जीव को अपने संरक्षण में लिया है। सूत्रों के अनुसार कोटलभट्ठी गांव के ग्रामीणों ने सड़क किनारे एक दुर्लभ जानवर को देख वन विभाग को मामले की सूचना दी। वन विभाग की टीम जब मौके पर पहुंची तो वह भी हैरत में पड़ गयी। दरअसल, ग्रामीणों ने जिस जीव को पकड़कर वन अमले को सौंपा, वह कोई आम जानवर नहीं बल्कि दुनिया का सबसे निर्भीक जानवर माना जाने वाला हनी बेजर था। बता दें कि हनी बेजर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में 'मोस्ट फियरलेस क्रीचर' के नाम से दर्ज है।

# बिलासपुर-भगत की कोठी एक्सप्रेस के पहिए पटरी से उतरे



पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे (एसईसीआर) के नागपुर रेल मंडल में मंगलवार-बुधवार की दरम्यानी रात 20843 बिलासपुर-भगत की कोठी एक्सप्रेस ट्रेन के चार पहिए पटरी से उतर गए। एसईसीआर के सूत्रों ने बताया कि नागपुर रेल मंडल के गुदमा और गोंदिया के बीच एक मालगाड़ी खड़ी थी। इसी दौरान करीब 01.00 बजे बिलासपुर से भगत की कोठी जा रही एक्सप्रेस ने मालगाड़ी टक्कर मार दी , जिससे एस-3 कोच के चार पहिए पटरी से उतर गए। घटना में इसी कोच में सवार दो यात्रियों को मामूली चोटें आयी , जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद इसी ट्रेन से रवाना किया गया। घटना की जानकारी मिलते ही रिलीफ ट्रेन और नागपुर रेल मंडल के अधिकारी और कर्मचारी तुरंत घटनास्थल के लिए रवाना हुए। एसईसीआर के महाप्रबंधक और मंडल रेल प्रबंधक नागपुर भी अपने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ शीघ्र ही घटनास्थल पर पहुंचे।

**मुख्यमंत्री के समक्ष छत्तीसगढ़ शासन और केन्द्रीय विद्युत अनुसंधान संस्थान बैंगलुरू के मध्य एमओयू पर किए गए हस्ताक्षर**

# नया रायपुर में विद्युत उपकरणों की टेस्टिंग के लिए क्षेत्रीय टेस्ट प्रयोगशाला की होगी स्थापना

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

क्षेत्रीय टेस्ट प्रयोगशाला मध्य भारत की सबसे वृहद प्रयोगशाला होगीमुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में उनके निवास कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में केन्द्रीय विद्युत अनुसंधान संस्थान, बैंगलुरू और छत्तीसगढ़ शासन के मध्य नवा रायपुर में विद्युत उपकरणों की टेस्टिंग के लिए राष्ट्रीय स्तर की प्रयोगशाला तथा परीक्षण केन्द्र की स्थापना हेतु एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए।

छत्तीसगढ़ ऊर्जा विभाग के सचिव अंकित आनंद और सीपीआरआई के एडिशनल डायरेक्टर बी.ए. सावले ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। मुख्यमंत्री बघेल ने इस अवसर पर उर्जा विभाग और केन्द्रीय विद्युत अनुसंधान संस्थान को बधाई दी। क्षेत्रीय टेस्ट प्रयोगशाला मध्य भारत की सबसे वृहद प्रयोगशाला होगीनवा रायपुर में केन्द्रीय विद्युत अनुसंधान संस्थान, बैंगलोर द्वारा स्थापित की जाने वाली क्षेत्रीय टेस्ट प्रयोगशाला मध्य भारत की सबसे वृहद प्रयोगशाला होगी, जिसमें ट्रांसफार्मर, रूटिन टेस्ट, मीटर टेस्टिंग, ऑयल टेस्टिंग एवं समस्त विद्युत उपकरण के रूटिन टेस्ट की सुविधा होगी, वर्तमान में विद्युत उपकरणों की टेस्टिंग के लिए भोपाल भेजा जाता है। छत्तीसगढ़ में यह सुविधा उपलब्ध होने से समय एवं राजस्व में बचत होगी। इस प्रयोगशाला में विद्युत कंपनियों को टेस्टिंग में 20 प्रतिशत की रियायत दी जाएगी। प्रयोगशाला के अंतर्गत ट्रेनिंग सेंटर की भी स्थापना की जाएगी, जिसमें विद्युत कम्पनियों एवं निजी संस्थानों के कर्मचारियों की तकनीकी दक्षता में वृद्धि होगी। प्रयोगशाला तथा परीक्षण केन्द्र की स्थापना हेतु अटल नगर नया रायपुर विकास प्राधिकरण द्वारा नया रायपुर क्षेत्र के लेयर -2 ग्राम- तेन्दुआ, सेक्टर-30 में 10 एकड़ भूमि का आवंटन किया गया है। प्रयोगशाला की स्थापना का कार्य 20 करोड़ 70 लाख रूपए की लागत से 36 माह में पूर्ण किया जाएगा। रायपुर में स्थापित होने वाली क्षेत्रीय टेस्ट लेबोरेटरी में हाई वोल्टेज लेबोरेटरी (इम्पलस टेस्ट 400 केवी), रूटिन टेस्ट लेबोरेटरी फॉर ट्रांसफार्मर (10 एमवीए तक), टेम्परेचर राईज टेस्ट फेसिलीटी फॉर ट्रांसफार्मर (10 एमवीए तक), इनर्जी मीटर टेस्ट लेबोरेटरी फॉर स्मार्ट मीटर और साइबर सिक्यूरिटी टेस्ट लेबोरेटरी फॉर सबस्टेशन इक्युपमेंटस एडं स्मार्ट मीटर की सुविधा उपलब्ध होगी।




केन्द्रीय विद्युत अनुसंधान संस्थान भारत सरकार, विद्युत मंत्रालय के अधीन गठित सार्वजनिक उपक्रम है। इस संस्थान द्वारा पॉवर सेक्टर के निर्माताओं एवं यूटिलिटी में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न सेवाओं, पॉवर सेक्टर में एप्लाईड रिसर्च को प्रोत्साहन तथा इंजीनियरिंग के क्षेत्र में दक्षता एवं विश्वसनीयता में सुधार हेतु परामर्श सेवाएं दी जाती हैं।

# देश की उत्तरोत्तर प्रगति में बालको का योगदान महत्वपूर्ण : पति

पायनियर संवाददाता < बालकोनगर
www.dailypioneer.com



वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने 76वां स्वतंत्रता दिवस और आजादी का अमृत महोत्सव समारोह को प्रशासनिक भवन परिसर में धूमधाम से आयोजित किया। बालको प्रबंधन ने समारोह में राष्ट्र निर्माण में स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक अभिजीत पति ने ध्वजारोहण किया। राष्ट्रगान के उपरांत उन्होंने बालको परिवार को निरंतर श्रेष्ठ कार्य प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया। पति ने अपने वक्तव्य में बताया कि देश की उत्तरोत्तर प्रगति में बालको का योगदान महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हम परिचालन उत्कृष्टता की दिशा में समर्पित प्रयासों से यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि देश मेक इन इंडिया और लोकल फॉर वोकल की मदद से घरेलू उत्पादन में अभूतपूर्व वृद्धि से आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार करें। सतत विकास के साथ बालको अपने एल्यूमिनियम निर्माण के माध्यम से वैश्विक स्तर पर राष्ट्र नेतृत्व करने का प्रयास कर रहा है। पति ने सभी से इस यात्रा का हिस्सा बनने और राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का आग्रह किया। कार्यक्रम के समापन पर बालको के मुख्य मानव संसाधन अधिकारी शुभदीप खान ने आभार जताया। पति ने अपने उद्बोधन में कहा कि अपनी साढ़े पांच दशक की औद्योगिक यात्रा में बालको ने छत्तीसगढ़ और देश की सामाजिक-आर्थिक विकास में प्रशंसनीय भूमिका निभाई है। बालको देश के 20 प्रतिशत एल्यूमिनियम का उत्पादन करता है। बालको के योगदान से राज्य में हजारों करोड़ रुपए के व्यावसायिक अवसर निर्मित हुए। अपने प्रत्येक प्रचालन में बालको ने 'शून्य क्षति, शून्य अपशिष्ट, शून्य उत्सर्जन' की नीति का पालन सुनिश्चित किया है। विस्तार परियोजना के माध्यम से बालको वैश्विक 'वन मिलियन टन क्लब' में शामिल होने और देश को दुनिया की एल्यूमिनियम राजधानी के तौर पर स्थापित करने के लिए तैयार है। भारत सरकार के हर घर तिरंगा अभियान का जश्न मनाते हुए बालको परिवार के सदस्यों ने अपने घर और कार्यस्थल पर झंडा फहराने के अभियान में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। स्वतंत्रता दिवस समारोह में सांस्कृतिक गतिविधियों, उत्कृष्ट कार्य और सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए सुरक्षा गार्डों और कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। पति ने समारोह के दौरान बालको की 57 वर्ष की यात्रा पर आधारित एक फिल्म भी लॉन्च की। पति एवं बालको के वरिष्ठ अधिकारियों ने स्वतंत्रता दिवस पर बालको अस्पताल के मरीजों को फल वितरित किए और उन्हें डब्ल्यूएसडी शीघ्र स्वस्थ होने की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सभी के लिए स्वास्थ्य सेवा को सुलभ बनाने की दिशा में निस्वार्थ समर्पण के लिए बालको अस्पताल के चिकित्सकों, चिकित्साकर्मियों के प्रति आभार और प्रशंसा व्यक्त की।

आज़ादी का अमृत महोत्सव





स्वतंत्रता दिवस की आप सभी प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ...

आज़ादी का अमृत महोत्सव

वतन हमारा ऐसा है की कोई छोड़ पाए न
रिश्ता हमारा ऐसा है की कोई तोड़ पाये ना
दिल हमारा एक है एक हमारी जान है
हिंदुस्तान हमारा है और हम इसकी शान हैं

स्वतंत्रता दिवस की आप सभी प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ...

आज़ादी का अमृत महोत्सव

वे सलामी इस तिरंगे को
जिससे तेरी शान हैं,
सर हमेशा ऊँचा रखना इसका
जब तक दिल में जान हैं...।

स्वतंत्रता दिवस की आप सभी प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ...

**श्री जी.एस. सलीम** (कार्यपालन अभियंता) — मनियारी जल संसाधन संभाग, मुंगेली एवं समस्त स्टाफगण जिला मुंगेली

**श्री एम.एल. शर्मा** (कार्यपालन अभियंता) — लोक निर्माण संभाग एवं समस्त स्टाफगण जिला मुंगेली

**जिला सहायक आयुक्त** (जिला आबकारी अधिकारी मुंगेली) — जिला कार्यालय आबकारी अधिकारी एवं समस्त स्टाफगण जिला मुंगेली

**श्री देवेन्द्र बग्गा** (प्रभारी खाद्य अधिकारी) — एवं समस्त स्टाफगण जिला कार्यालय मुंगेली

आज़ादी का अमृत महोत्सव

गंगा यमुना यहाँ नर्मदा,
मंदिर मस्जिद के संग गिरजा,
शांति प्रेम की देता.. शिक्षा,
मेरा भारत सदा सर्वदा

स्वतंत्रता दिवस की आप सभी प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ...

आज़ादी का अमृत महोत्सव

सच्ची है देश भगति
और मैं वतन पर
ईमान रखता हूँ...
तिरंगे की शान की
खातिर हथेली पे जान रखता हूँ...

स्वतंत्रता दिवस की आप सभी प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ...

आज़ादी का अमृत महोत्सव

कुछ नशा तिरंगे की आन का है,
कुछ नशा मातृभूमि की शान का है
हम लहरायेंगे हर जगह ये तिरंगा
नशा ये हिंदुस्तान की शान का है।

स्वतंत्रता दिवस की आप सभी प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ...

आज़ादी का अमृत महोत्सव

सारे जहां से अच्छा,
हिन्दोस्तां हमारा
हम बुलबुले है इसकी,
यह गुलिस्तां हमारा

स्वतंत्रता दिवस की आप सभी प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ...

**श्री सुरेश सिंह** (जिला कार्यक्रम अधिकारी) — महिला एवं बाल विकास एवं समस्त स्टाफगण जिला कार्यालय मुंगेली

**श्री टी. आर. उइके** (सहायक संचालक) — रेशम विभाग एवं समस्त स्टाफगण जिला कार्यालय मुंगेली

**श्री दिनेश कुमार ब्योहार** (उप संचालक) — कृषि विभाग एवं समस्त स्टाफगण जिला कार्यालय मुंगेली

**श्री मुकेश दुबे** (जिला प्रबंधक) — छ. ग. स्टेट सि. सप्लाईज कार्पो. लिमिटेड एवं समस्त स्टाफगण जिला कार्यालय मुंगेली

आज़ादी का अमृत महोत्सव

गूंज रहा है दुनिया में भारत का नगाड़ा, चमक रहा आसमान में देश का सितारा, आजादी के दिन आओ मिलकर करें दुआ बुलंदी पर लहराता रहे तिरंगा हमारा,

स्वतंत्रता दिवस की आप सभी प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ...

आज़ादी का अमृत महोत्सव

अपनी आजादी को हम
हरगिज मिटासकते नहीं,
सर कटा सकते हैं लेकिन
सर झुका सकते नहीं।

स्वतंत्रता दिवस की आप सभी प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ...

आज़ादी का अमृत महोत्सव

आन देश की शान देश की
देश की हम संतान है,
तीन रंगों से रंगा तिरंगा,
अपनी ये पहचान है।।

स्वतंत्रता दिवस की आप सभी प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ...

आज़ादी का अमृत महोत्सव

देश भक्तों से ही देश की शान है
देश भक्तों से ही देश का मान है
हम उस देश के फूल हैं
यारों जिस देश का
नाम हिंदुस्तान है

स्वतंत्रता दिवस की आप सभी प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ...

**श्री शीतल भोई** (जिला विपणन अधिकारी) — छ.ग. रा. सह. विपणन संघ मर्यादित एवं समस्त स्टाफगण जिला कार्यालय मुंगेली

**श्री विभूति क्षेत्रज्ञ** (जिला पंजीयक) — एवं समस्त स्टाफगण जिला कार्यालय मुंगेली

**डॉ. ए. के. मरकाम** (उपसंचालक) — पशु चिकित्सा सेवायें एवं समस्त स्टाफगण जिला कार्यालय मुंगेली

**श्री तोषण चन्द्राकर** (सहायक संचालक) — उद्यान विभाग एवं समस्त स्टाफगण जिला कार्यालय मुंगेली

आज़ादी का अमृत महोत्सव

Happy Independence Day

आओ झुक कर
सलाम करे उन्हें,
जिनकी जिंदगी में
ये मुकाम आया है,
किस कदर खुशनसीब
है वो लाग,
जिनका लहू भारत
देश के काम आया है।

स्वतंत्रता दिवस की आप सभी प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ...

आज़ादी का अमृत महोत्सव

ना सरकार मेरी है।
ना रौब मेरा है,
ना बड़ा सा नाम मेरा है
मुझे तो एक छोटी सी
बात का गौरव है
मै हिन्दुस्तान का हूँ
और हिन्दुस्तान मेरा है।

स्वतंत्रता दिवस की आप सभी प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ...

आज़ादी का अमृत महोत्सव

ना पूछो जमाने को
क्या हमारी कहानी है,
हमारी पहचान तो सिर्फ
ये है, की हम सिर्फ
हिन्दुस्तानी है।

स्वतंत्रता दिवस की आप सभी प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ...

आज़ादी का अमृत महोत्सव

15 AUGUST भारतीय स्वतंत्रता दिवस

आजादी का प्रतिक है 15 अगस्त,
राष्ट्रीय पर्व है 15 अगस्त,
स्वतंत्रता सेनानियों का
बलिदान है 15 अगस्त,
देश की शान है 15 अगस्त

स्वतंत्रता दिवस की आप सभी प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ...

**श्री पी. के शर्मा** (कार्यपालन अभियंता) — ग्रामीण यांत्रिकी सेवा एवं समस्त स्टाफगण जिला कार्यालय मुंगेली

**श्री बी. एल. सिहरत्ते** (प्र.कार्य.अभि.) — ग्रामीण विकास संभाग छ.ग. ग्रामीण (प्रधानमंत्री सड़क अभि.) एवं समस्त स्टाफगण जिला कार्यालय मुंगेली

**श्री असीम माथुर** (जिला परिवहन अधिकारी) — एवं समस्त स्टाफगण जिला कार्यालय मुंगेली

**श्री देवेन्द्र जांगड़े** (प्रभारी कार्यपालन अधिकारी) — छ.ग. राज्य अंत्यावसायी वित्त एवं विकास एवं समस्त स्टाफगण जिला कार्यालय मुंगेली

आज़ादी का अमृत महोत्सव

Happy 15 Independence Day

वतन है मेरा सबसे महान,
प्रेम सौहार्द का दूजा नाम,
वतन-ए-आबरु पर है
सब कुर्बान,
शांति का दूत है मेरा
हिन्दुस्तान।

स्वतंत्रता दिवस की आप सभी प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ...

आज़ादी का अमृत महोत्सव

हो समर्पित वतन पे ललन चाहिए,
भगत, आजाद जैसे रतन चाहिए।
मृत्यु के बाद यदि जन्म फिर से मिले,
तो भारत ही मुझको वतन चाहिए।

स्वतंत्रता दिवस की आप सभी प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ...

आज़ादी का अमृत महोत्सव

वृक्ष लगायें, वनों का संरक्षण
करें, वनों को आग से बचाये,
वन है तो कल है।



स्वतंत्रता दिवस की आप सभी प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ...

आज़ादी का अमृत महोत्सव

मैं मुल्क की हिफाजत
करूँगा ये मुल्क मेरी
जान है इसकी रक्षा
के लिए मेरा दिल
और जां कुर्बान है..।

स्वतंत्रता दिवस की आप सभी प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ...

**श्रीमती ज्योति मिश्रा** (सहायक खनिज अधिकारी) — खनिज विभाग एवं समस्त स्टाफगण जिला कार्यालय मुंगेली

**श्री आई. पी. मण्डावी** (कार्यपालन अभियंता) — लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं समस्त स्टाफगण जिला कार्यालय मुंगेली

**श्री गणेश राजन** (वनमण्डलाधिकारी) — वन विभाग एवं समस्त स्टाफगण कार्यालय जिला मुंगेली

**श्री हितेश श्रीवास** (सहायक पंजीयक) — सहकारिता संस्थायें एवं समस्त स्टाफगण जिला कार्यालय मुंगेली

आज़ादी का अमृत महोत्सव

मैं तो सोया था गहरी नींद
मैं सरहद पर था जवान
जगा रात सारी, ये सोच
कर नींद मेरी उड़ गयी
जवान कर रहा रक्षा हमारी.

स्वतंत्रता दिवस की आप सभी प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ...

आज़ादी का अमृत महोत्सव

सदा ही लहराता
रहे ये तिरंगा
हमारा, सारे जहां
से अच्छा
हिन्दुस्तान हमारा..

स्वतंत्रता दिवस की आप सभी प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ...

आज़ादी का अमृत महोत्सव

गूं रहा है दुनिया में
भारत का नगाड़
चमक रहा आसमान में
देश का सितारा
आओ मिलकर करें दुआ
आजादी के दिन
कि बुलंदी पर लहराता रहे,
हमारा तिरंगा

स्वतंत्रता दिवस की आप सभी प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ...

आज़ादी का अमृत महोत्सव

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस

स्वतंत्रता दिवस की आप सभी प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ...



**श्री दि मुंगेली सहकारी विपणन संस्था मर्यादित** — समस्त स्टाफगण मुंगेली (छ.ग.)

**श्री अजीत बघेल** (खाद्य एवं औषधि) — जिला कार्यालय मुंगेली एवं समस्त स्टाफगण

**श्री अंशु वासने** (प्रभारी कार्यपालन अभियंता विद्युत विभाग मुंगेली) — एवं समस्त स्टाफगण मुंगेली

आदेश एडवर्टाईजिंग मुंगेली — नवनीत शुक्ला (पायनियर जिला प्रतिनिधि मुंगेली)

**स्वतंत्रता दिवस**
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
**ग्राम पंचायत-नगारीडीह**
आज़ादी का अमृत महोत्सव
ज्योति यादव, सरपंच
फागूलाल मनहर, सचिव
समस्त पंचगण ग्राम पंचायत-नगारीडीह
जनपद पंचायत - जैजैपुर, जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

**स्वतंत्रता दिवस**
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
**ग्राम पंचायत-मुक्ता**

बृन्दा बाई, सरपंच
कीर्तन चन्द्रा, सचिव
समस्त पंचगण ग्राम पंचायत-मुक्ता
जनपद पंचायत - जैजैपुर, जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

**स्वतंत्रता दिवस**
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
**ग्राम पंचायत-करही**
आज़ादी का अमृत महोत्सव
जल प्रताप चौहान, सरपंच
अनिल खुंटे, सचिव
समस्त पंचगण ग्राम पंचायत-करही
जनपद पंचायत - जैजैपुर, जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

**स्वतंत्रता दिवस**
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
**ग्राम पंचायत-लालमाटी**
आज़ादी का अमृत महोत्सव
जुगमानिया, सरपंच
समस्त पंचगण ग्राम पंचायत-लालमाटी
जनपद पंचायत - जैजैपुर, जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

**स्वतंत्रता दिवस**
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
**ग्राम पंचायत-झालरौंदा**
आज़ादी का अमृत महोत्सव
संतोषी कुमारी चन्द्रा, सरपंच
रामनारायण पटेल, सचिव
समस्त पंचगण ग्राम पंचायत- झालरौंदा
जनपद पंचायत - जैजैपुर, जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

**स्वतंत्रता दिवस एवं कृष्ण जन्माष्टमी**
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
**ग्राम पंचायत-बर्रा**
आज़ादी का अमृत महोत्सव
भारती चौहान, सरपंच
अहिल्या सिदार, सचिव
समस्त पंचगण ग्राम पंचायत-बर्रा
जनपद पंचायत - जैजैपुर, जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

**स्वतंत्रता दिवस**
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
**ग्राम पंचायत-चिखलरौंदा**

होमेन्द्र बाई, सरपंच
लीलाधर चन्द्रा, सचिव
समस्त पंचगण ग्राम पंचायत-चिखलरौंदा
जनपद पंचायत - जैजैपुर, जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

**स्वतंत्रता दिवस एवं कृष्ण जन्माष्टमी**
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
**ग्राम पंचायत-बहेराडीह**
आज़ादी का अमृत महोत्सव
शांति बाई, सरपंच
दुष्यंत कुमार धीरे, सचिव
समस्त पंचगण ग्राम पंचायत-बहेराडीह
जनपद पंचायत - जैजैपुर, जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

**स्वतंत्रता दिवस**
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
उच्च स्तरीय शिक्षा के लिए संपर्क करें
**सुरेश साहू**
संचालक
आज़ादी का अमृत महोत्सव


ग्लोबल पब्लिक स्कूल, जैजैपुर

**स्वतंत्रता दिवस**
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
बेहतरीन शिक्षा की व्यवस्था
**आर. के. चन्द्रा**
संचालक
आज़ादी का अमृत महोत्सव
MANAV SHIKSHAN SAMAJ ACADEMY SS
एस.एस.एकेडमी, जैजैपुर

**स्वतंत्रता दिवस**
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
आज़ादी का अमृत महोत्सव
**विजय कुमार सिदार**
विकासखंड शिक्षा अधिकारी, जैजैपुर

**स्वतंत्रता दिवस**
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
**स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल चोरभट्ठी**
आज़ादी का अमृत महोत्सव
संतोष चन्द्रा, संचालक

**स्वतंत्रता दिवस**
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
**कामता पब्लिक स्कूल कंचदा**
आज़ादी का अमृत महोत्सव
**धनेश्वरी चन्द्रा**
संचालक
जनपद पंचायत - जैजैपुर
जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

**स्वतंत्रता दिवस एवं कृष्ण जन्माष्टमी**
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
**ग्राम पंचायत-पाड़ाहरदी**
आज़ादी का अमृत महोत्सव
निर्मल चन्द्रा, सरपंच
भेखलाल चन्द्रा, सचिव
समस्त पंचगण ग्राम पंचायत-पाड़ाहरदी
जनपद पंचायत - जैजैपुर, जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

**स्वतंत्रता दिवस**
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
**ग्राम पंचायत-हरदीडीह**

चंद्रिका उराव, सरपंच
श्रीमती निर्मला चन्द्रा, सचिव
समस्त पंचगण ग्राम पंचायत-हरदीडीह
जनपद पंचायत - जैजैपुर, जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

**स्वतंत्रता दिवस एवं कृष्ण जन्माष्टमी**
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
**ग्राम पंचायत-गाड़ामोर**
आज़ादी का अमृत महोत्सव
तिहारिन बाई कुर्रे, सरपंच
श्रीमती कमला चन्द्रा, सचिव
समस्त पंचगण ग्राम पंचायत-गाड़ामोर
जनपद पंचायत - जैजैपुर, जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

संकलनकर्ता - धनेश्वर प्रसाद साहू, संवाददाता, जैजैपुर, मो. 96697-26065

# पीएचई कार्यपालन अभियंता के संरक्षण से ठेकेदारों को ना मंत्री का डर और ना कलेक्टर के कार्यवाही का खौफ

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com








पीएचई विभाग कार्यपालन अभियंता के संरक्षण से ठेकेदारों को ना मंत्री से शिकायत का डर है और ना कलेक्टर की कार्यवाही का खौफ बना हुआ है तभी आज भी 7-7 हजार रुपए के नल जल कनेक्शन कार्य में मुनाफा कमाते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा पर पानी फेर रहे हैं जिसका सीधा नुकसान गरीब हितग्राहियों को आने वाले कुछ माह में उठना पकड़ेगा क्योंकि वर्तमान में लो वोल्टेज की समस्या के चलते हितग्राही के घरों में पानी नहीं पहुंचने की बात कही जाती है बड़े बड़े गांव में तो नलजल कार्य शो फीस बना हुआ है ऐसे में सैकड़ों हितग्राहियों को आने वाले 6 माह तक नल से जल के लिए और इंतजार करना पड़ेगा क्योंकि 132 केवी सबस्टेशन का 6 माह पहले निर्माण होना मुश्किल बताया जाता है इस बीच मापदंड के विपरीत और गुणवत्ताहीन तरीके से नल जल कार्य टिकने को लेकर भी सवाल खड़ा किया जा रहा है यहां बताना लाजिमी होगा कि जिले भर में 1 लाख 39000 से अधिक घरों में नल जल कनेक्शन आने वाले 2024 तक दिया जाना है जिसके लिए राज्य और केंद्र सरकार करोड़ों रुपए आवंटित कर रही है हाल ही में गरियाबंद जिला को भी करोड़ों रुपए जारी किया गया है यही वजह है कि ठेकेदार अपने आधा अधूरी नल जल कनेक्शन कार्य की राशि निकालने के जुगाड़ में लगे हुए हैं बकायदा मैनपुर छूरा देवभोग में कागजी प्रोग्रेस रिपोर्ट के आधार पर राशि जारी भी किया जा रहा है जबकि धरातल में कई हितग्राहियों के घरों में पानी का एक बूंद तक नहीं मिल पा रहा है मैनपुर विकासखंड अंतर्गत मूचबहाल बोईरगुड़ा कांडेकेला देवभोग मुख्यालय कुमड़ाई टोंगसीपारा ख्वासपारा सहित छूरा विकासखंड के कई गांव में हितग्राहियों के घरों नलजल कनेक्शन का लाभ नही मिल रहा है वावजूद इसके जिला कार्यपालन अभियंता की ओर से ठेकेदारों को बेधड़क राशि किया जा रहा है।

**पेटी ठेका से कमीशन का फासला :** नाम नहीं छापने की शर्त में कुछ ठेकेदारों ने बताया की नल जल कार्य में भ्रष्टाचार बढ़ने का सबसे बड़ा कारण पेटी ठेका है क्योंकि जितनी राशि मुख्य ठेकेदार बचाने की कोशिश में होते हैं उससे ज्यादा पेटी ठेकेदार भरासीही कर राशि बचा लेते हैं और इसके लिए निर्धारित गड्ढा नही खोदा जाता हल्की क्वालिटी पाइप और हल्की मटेरियल से चबूतरा बनाते हैं शायद यही वजह है कि राज्य के बाहर से ठेकेदारों की भरमार खूब ज्यादा जिले भर में हो गई है ख़ासकर उड़ीसा के ठेकेदारो के बीच नल जल कार्य को लेकर खींचतान बनी हुई है और इस खींचतान के बीच आम हितग्राहियों को नुकसान उठाने की पूरी संभावना बन रही है क्योंकि जो नल जल कनेक्शन दिया गया है वह साल डेढ़ साल का टिकना भी मुश्किल है।

**अमरजीत भगत की फटकार नहीं आई काम :** पखवाड़े भर पहले खाद्य एवं जिला के प्रभारी मंत्री अमरजीत भगत सभागार में समीक्षा बैठक के दौरान पीएचई विभाग के कामकाज ठेका प्रथा पर अच्छी खासी नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारी को जमकर फटकार लगाते हुए कामकाज में सुधार करने के निर्देश दिया रहा लेकिन निर्देश एवं फटकार विभागीय अधिकारियों पर काम नहीं आया शायद यही वजह है कि धरातल की स्थिति को दरकिनार करते हुए आज भी नल जल कार्य में जमकर लापरवाही बरतने के साथ ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाया जा रहा है ।

## राहुल रेस्क्यू के दौरान शामिल रहे पत्रकार कैलाश जायसवाल हुए सम्मानित



पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com

प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल ने जांजगीर -चाम्पा जिले के पिहरीद गांव में बालक राहुल के रेस्क्यू अभियान में मेहनत कश पत्रकारों को सम्मान देकर उनके कार्य की सराहना की। इसमें बलौदाबाजार जिले के वरिष्ठ पत्रकार कैलाश जायसवाल का भी सम्मान किया गया। कैलाश जायसवाल ने राहुल रेस्क्यू के दौरान रात और दिन शानदार रिपोर्टिंग की उसके लिए उन्हें यह सम्मान से नवाजा गया। श्रमजीवी पत्रकार संघ और वीडियो जर्नलिस्ट एसोसिएशन के बैनर तले ' राहुल साहू रेस्क्यू ऑपरेशन ' के कवरेज में लगे प्रदेशभर के पत्रकारों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन रायपुर के न्यू सर्किट हॉउस में किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल उपस्थित रहे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता संसदीय सचिव विकास उपाध्याय ने की।

## मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज भाटापारा में

### विश्व आदिवासी दिवस एवं शपथ ग्रहण समारोह में होंगे शामिल



**भाटापारा।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 18 अगस्त को भाटापारा शहर के रावणभाठा आएंगे। वे यहां विश्व आदिवासी दिवस एवं मांवली महासभा के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। निर्धारित दौरा कार्यक्रम के अनुसार बघेल आज 18 अगस्त को सुबह 11.30 रायपुर पुलिस ग्राउंड से हेलीकॉप्टर द्वारा रवाना होकर 11.55 बजे रावणभाठा मैदान हैलीपेड पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री बघेल यहां 12 से 1 बजे तक समाज के कार्यक्रम में शामिल होंगे। फिर वह 1.05 बजें हेलीकॉप्टर से रायपुर एयरपोर्ट के लिए रवाना हो जाएंगे।

## सब्जी मंडी में ध्वजारोहण



पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

आजादी के अमृतमहोत्सव स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दीनदयाल शब्जी मार्केट में स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी संघ के प्रदेश मंत्री विजय केसरवानी द्वारा तिरंगा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर कंगलु साहू, हीरामणि, मनहरण, कुशाल, संजू पंजवानी, उमंग, कान्हा, टप्पू, शुभम, दिलीप, बउवा, सुनील एवं झल्ला के साथ शब्जी विक्रेता संघ के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।

## प्रतिमाह तीसरे गुरुवार को होगा कसडोल में मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

- शिविर में मानसिक रोगों का होगा परीक्षण एवं उपचार

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com




कलेक्टर रजत बंसल के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा हर माह के तीसरे गुरुवार को कसडोल अस्पताल में मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। उक्त शिविर का आयोजन राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत की जा रही है। जिसमें मानसिक रोगों से सम्बंधित व्यक्तियों की जांच,उपचार एवं परामर्श प्रदान किया जाएगा। पहला शिविर कल 18 अगस्त को आयोजित हो रहा है। इस संबंध में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ राकेश कुमार प्रेमी ने जानकारी देतें हुए बताया कि मानसिक रोग से संबंधित सामान्य लक्षण, परिवारिक एवं काम का तनाव, चिड़चिड़ापन, चिंता, घबराहट, बेचैनी किसी बात से डर बेवजह अधिक सोचना, विचारना, नींद ना आना,आराम करने में परेशानी, हमेशा सही निर्णय ना ले पाना, हमेशा फंसा हुआ महसूस करना,किसी काम में मन न लगना, ज्यादा उदास रहना, आत्महत्या के विचार या पूर्व में आत्महत्या के प्रयास किए हैं।

किसी बीमारी का लंबे समय तक का इलाज को लेकर चिंता,गर्भवती महिलाओं में सामान्य चिंता,बीपी शुगर के साथ घबराहट, बेचैनी,डर, भय, चिंता, मिर्गी या बार-बार झटके आना पागलपन जैसे व्यवहार अपने आप में बात करना, बड़बड़ाना,शांत रहना, बेवजह चिल्लाना, गाली गलौज करना, घर से बार-बार बेवजह भाग जाना, इधर उधर घूमते रहना, किसी सदमा किसी पूर्व की घटनाओं को याद करते रहना एवं सभी प्रकार के नशे से संबंधित इलाज प्रदान किया जाएगा। उक्त शिविर में जिला नोडल अधिकारी डॉ राकेश कुमार प्रेमी सहित सहित मोहिंदर घृतलहरे क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट,रोशन लाल साइकाइट्रिक सोशल वर्कर एवं भारती यादव कम्युनिटी नर्स द्वारा सेवा प्रदान की जाएगा।

## मुख्यमंत्री बघेल से छत्तीसगढ़ बंजारा समाज के सदस्यों ने की सौजन्य मुलाकात

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से उनके निवास स्थान में छत्तीसगढ़ राज्य खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ बंजारा समाज के सदस्यों ने सौजन्य मुलाकात की। समाज के सदस्यों ने मुख्यमंत्री बघेल का राज्य शासन द्वारा संचालित राजीव गांधी किसान न्याय योजना और गोधन न्याय योजना जैसी जनहितैषी योजनाओं के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आपकी इन योजनाओं से भूमिहीन वर्ग और किसानों को अत्यधिक लाभ हुआ, जिससे खेती अब लाभ का व्यवसाय बन गया है। बंजारा समाज के सदस्यों ने मुख्यमंत्री के समक्ष समाज के उत्थान के लिए मांगपत्र भेंटकर यथोचित कार्यवाही के लिए निवेदन भी किया। इस अवसर पर समाज के प्रदेश महासचिव मोहन बंजारा एवं सदस्यगण भी उपस्थित थे।

## प्रदेश में अब तक 904.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2022 से अब तक राज्य में 904.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून से आज 17 अगस्त तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 1906.4 मिमी और सरगुजा में जिले में सबसे कम 362.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सूरजपुर में 523.0 मिमी, बलरामपुर में 476.2 मिमी, जशपुर में 533.4 मिमी, कोरिया में 542.0 मिमी, रायपुर में 690.1 मिमी, बलौदाबाजार में 909.4 मिमी, गरियाबंद में 971.7 मिमी, महासमुंद में 936.8 मिमी, धमतरी में 976.7 मिमी, बिलासपुर में 1029.2 मिमी, मुंगेली में 970.0 मिमी, रायगढ़ में 870.3 मिमी, जांजगीर-चांपा में 1062.6 मिमी, कोरबा में 809.5 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 774.8 मिमी, दुर्ग में 796.6 मिमी, कबीरधाम में 875.6 मिमी, राजनांदगांव में 949.2 मिमी, बालोद में 1028.1 मिमी, बेमेतरा में 565.0 मिमी, बस्तर में 1291.5 मिमी, कोण्डागांव में 1049.6 मिमी, कांकेर में 1178.1 मिमी, नारायणपुर में 1075.6 मिमी, दंतेवाड़ा में 1303.2 मिमी और सुकमा में 867.8 मिमी औसत वर्षा रिकार्ड की गई।

## गोबर खरीदी और शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन को लेकर कलेक्टर मुस्तैद

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



राज्य सरकार की गोबर खरीदी एवं वैक्सीनेशन पर जोर देने की तर्ज में गरियाबंद कलेक्टर प्रभात मलिक भी जिला के पांच विकासखंड में अपनी पैनी नजर बनाते हुए लगातार गोबर खरीदी और शत प्रतिशत वैक्सीनेशन को लेकर मुस्तैद है बकायदा इसके लिए विभागीय अफसरों को आए दिन दिशा निर्देश देने के साथ बैठक पर भी प्रोग्रेस लाने के लिए कहा जा रहा है इसी तर्ज पर बीते सप्ताहिक बैठक में समय-सीमा पर प्रकरणों की विभागवार समीक्षा करते हुए जिले के सक्रिय गौठानों में गोबर खरीदी और जिले में लोगों को शत प्रतिशत कोविड वैक्सीनेशन हेतु अधिकारियों को कड़े निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि अधिकारी समय-सीमा प्रकरणों को लंबित न रखे। निर्धारित समयावधि के भीतर प्रकरण का निराकरण सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने जिले के सभी सक्रिय गौठानों में गोबर खरीदी हेतु जीओ टेकिंग स्टॉक एन्ट्री के साथ प्रत्येक गौठान में 30 क्विंटल गोबर की खरीदी सुनिश्चित करने अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने गौठानों में गोबर खरीदी के अद्यतन स्थिति पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए संबंधित सीईओ को कड़ी फटकार लगाई। साथ ही डीडीए एवं संबंधित एसडीएम की जिम्मेदारी तय करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आवर्ती चराई का विकासखण्डवार पंजीयन सुनिश्चित किया जाए। इसी प्रकार जिले में कोविड-19 वैक्सीनेशन लक्ष्य के मुताबिक नहीं होने पर असंतोष व्यक्त करते हुए सीएमएचओ एवं बीएमओ को फटकार लगाई। उन्होंने संबंधित एसडीएम, जनपद सीईओ और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को कोविड वैक्सीनेशन में प्रगति लाने कार्य योजना के साथ स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों को भी अभियान से जोड़कर गांवों में शत् प्रतिशत कोविड वैक्सीनेशन कराने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने सी.एम. समीक्षा बैठक की एजेण्डावार समीक्षा करते हुए जिले के सभी तहसीलों में अतिवृष्टि एवं अल्पवृष्टि की जानकारी, ग्रामीण भूमिहीन कृषक पंजीयन, अतिक्रमण एवं व्यवस्थापन, अविवादित नामांतरण, बंटवारा, नारंगी भूमि व्यवस्थापन, वृक्षारोपण प्रोत्साहन, फसल परिवर्तन के तहत कोदो-कुटकी-रागी की पैदावारी, जैविक खेती प्रोत्साहन, स्कूली बच्चों का जाति प्रमाण पत्र पर विशेष ध्यान देने सभी एसडीएम को निर्देशित किया। उन्होंने जैविक खेती प्रोत्साहन, रिपा व नरवा कार्यक्रम की प्रगति, मनरेगा कार्यक्रम, धनवंतरी मेडिकल स्टोर्स से दवाईयों की बिक्री बढ़ाने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने जिले में कोई भी नलकूप खुला नहीं होने संबंधी प्रमाण पत्र ई.पीएचई और सभी जनपद सीईओ को जिला कार्यालय में प्रस्तुत करने कहा। शासन के मंशा के मुताबिक जिले में राजीव युवा मितान क्लब के गठन और क्लब के खाते में राशि हस्तांतरण हेतु सभी एसडीएम को आवश्यक पहल करने के निर्देश दिये। वहीं जिला शिक्षा अधिकारी को स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल राजिम में शिक्षक भर्ती के साथ विद्यार्थियों का अध्यापन कार्य हर हालत में 25 अगस्त से प्रारंभ कराने निर्देशित किया। बैठक में जिला पंचायत सीईओ रोक्तिमा यादव, वन मण्डलाधिकारी मयंक अग्रवाल,अपर कलेक्टर जे.आर. चौरसिया, संयुक्त कलेक्टर ऋषा ठाकुर, एसडीएम विश्वदीप, अविनाश भोई, अर्पिता पाठक, डिप्टी कलेक्टर पूजा बंसल सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

### मंडल कार्यकर्ताओं ने बेरोजगारी भत्ता की मांग की

## भाजयुमो ने घेरा एसडीएम कार्यालय, प्रदेश की भूपेश सरकार के विरूद्ध की नारेबाजी

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता युवा मोर्चा और भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडल के कार्यकर्ताओं ने बेरोजगारी भत्ता की मांग को लेकर एसडीएम कार्यालय का घेराव किया. कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक भाटापारा, उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भाजयुमो अनुराग सिंहदेव, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजयूमो अश्वनी शर्मा, आनंद यादव, कैलास चंद्रवंशी, तुषार चोपड़ा, राहुल सराफ, अंजय बघेल उपस्थित थे। पहले जयस्तंभ चौक में 12 बजे कार्यकर्ता उपस्थित हुए। यहां उद्बोधन का कार्यक्रम हुआ जहाँ विधायक शिवरतन शर्मा ने भूपेश सरकार को घेरते हुए कहा कि जब से कांग्रेस की सरकार छत्तीसगढ़ में बनी है छत्तीसगढ़ की जनता त्रस्त है और इनके विधायक और मंत्री अपने में मस्त हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की विभिन्न जनहित की योजनाओं को छत्तीसगढ़ सरकार नहीं चला पा रही है। हर घर नल हर घर जलअमृत मिशन योजना और न ही प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ छत्तीसगढ़ की जनता ले पा रही है। छत्तीसगढ़ की सरकार इन योजनाओं पर रोड़ा डाल रही है। साथ ही प्रदेश की भूपेश सरकार केवल झूठो का पुलिन्दा तैयार कर रही है विधानसभा सत्र में सदन में रोजगार देने के जो आंकड़े दिए जा रहे है और बाहर जो होल्डिंग में आंकड़े दिए जा रहे है उसी में बहुत सी भिनता है. अनुराग सिंहदेव ने कहा कि छत्तीसगढ़ की युवा शक्ति को अपनी शक्ति पहचानने की जरूरत है। उठो जागो और टूट पड़ो इस भ्रष्टाचारी सरकार के खिलाफ। अगर यह सरकार अपना वादा पूरा नहीं करती है, युवाओं को रोजगार और बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता नहीं देती है तो भाजयुमो का बड़ा आंदोलन छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में किया जाना सुनिश्चित है। छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा सदैव लड़ने को तैयार है। युवाओं का अधिकार युवाओं के हित के लिए सड़क से लेकर किस सदन तक भाजपा लड़ने को तैयार है। वहीं युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष सुनील यदु ने बेरोजगारों के सम्मान में युवा मोर्चा मैदान में के नारे लगाए और सभा को संबोधित करते हुए कहा कि बेरोजगार युवाओं को ठग कर उनके साथ खिलवाड़ कर रही है भूपेश सरकार। बेरोजगार युवाओं को 2500 रुपये प्रतिमाह देने का जो वादा किया था उसमे वह खरे भी नहीं उतरे। कांग्रेस सरकार ठग की सरकार है जो बेरोजगार युवाओं के साथ साथ देश को भी ठगने का काम कर रही है।

उद्बोधन के उपरांत जोरदार नारेबाजी, बैनर पोस्टर, झंडे के साथ भाजपा कार्यकर्ता मेन रोड होते हुए एसडीएम कार्यालय की ओर सैकड़ों की संख्या में कूच किये। युवा मोर्चा की टीम ने अपना ज्ञापन हाथ में लेकर नारेबाजी करते हुए एसडीएम कार्यालय घेरने निकली। शासन प्रशासन ने पुलिस व्यवस्था एसडीएम कार्यालय में कर रखी थी। इसके बाद भी भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के युवा मोर्चा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में एसडीएम कार्यालय घेरने में सफल हुए। यहां अधिकारी को अपना ज्ञापन सौंपा। युवा मोर्चा के युवाओं ने सरकार को घोषणा पत्र की याद दिलाते हुए छत्तीसगढ़ के युवाओं को रोजगार और बेरोजगारी भत्ता 2500 रुपए देने की मांग की। अगर यह मांग पूरी नहीं की जाती तो रायपुर में लाखों की संख्या में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता मुख्यमंत्री निवास का घेराव करेंगे। उक्त कार्यक्रम में राकेश तिवारी, अनिल पांडेय, महाबल बघेल, सतीश सोनी, आशीष टोडर, टिक्कू वर्मा, कमलेश साहू, अविनाश शर्मा, जीवन वर्मा, पीलू वर्मा, हेमंत साहू, गोपी ध्रुव, शुभम राजपूत, रिंकू, छोटू यादव, आशिस पुरोहित, योगेश अंनत, सुरेश मिश्रा, अनिल चेलक, चंद्रप्रकाश साहू, पवन वर्मा, डब्लू ठाकुर, रोशन साहू, परस देवांगन, सूर्यकांत ताम्रकार, धनीराम साहू, रवि आडिल, देवक साहू, राजेश पटेल, विजय वर्मा, केजुराम बघेल, मंनिदर सिंह गुम्बर, विजय यादव, चंद्रमणि तिवारी, राहुल राजपूत, मनोज चौबे, प्यारे रजक, गोविंद वर्मा, ठाकुर राम, चन्द्रमणि साहू सहित बड़ी संख्या में भाजयूमो व भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता लो.नि.वि.**
**राष्ट्रीय राजमार्ग संभाग सुकमा**

**// निविदा आमंत्रण सूचना //**

क्रमांक - 904/NIT-4/2022-2023/ व ले लि — दिनांक 12.08.2022

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 26/08/2022 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 02/09/2022 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :-12/08/2022
निविदा प्रपत्र की कीमत (रु.में) :- रू. 750.00
निविदाकारों की श्रेणी :- ई-पंजीयन के अंतर्गत श्रेणी "द" से "अ" तक
कार्य की अवधि :- 02 माह वर्षा ऋतु सहित

| एनआईटी क्रं. निविदा क्रं. | कार्य का नाम / No Of Calls | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रु.मे) बैंक साल्वेंसी (रु.में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1. T0007 | B.T.Patch repair in Km.25.530 to 31.540 to 55.700 on NH-30 (old NH-221) Jagdalpur Sukma Konta Road First Call | 17.29 12970.00 300000.00 |

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र मे उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. राष्ट्रीय राजमार्ग
संभाग सुकमा

G-93604/4

# सूचना आयोग ने प्रधान मुख्य वन संरक्षक के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की अनुशंसा की

**रायपुर।** वन मंत्री की अनुशंसा पर कार्यवाही नहीं करना विभाग में तो एक प्रधान मुख्य वन संरक्षक को भारी नहीं पड़ा परंतु सूचना आयोग में जब मामला पहुंचा तो सूचना का अधिकार के प्रावधानों के तहत छत्तीसगढ़ राज्य सूचना आयुक्त अशोक अग्रवाल ने प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) को डीम्ड जन सूचना अधिकारी मानते हुए उनके विरुद्ध शासन को अनुशासनात्मक कार्यवाही करने का आदेश जारी कर दिया।

**क्या है मामला**

अधिवक्ता व्यास मुनि द्विवेदी ने वन मंत्री को प्रमाण सहित एक शिकायत की थी कि वन विभाग के दो अधिकारी सोनू हाथी को बंधक बनाने वाले अधिकारियों को किस प्रकार बचा रहे है और दोषियों को बचाने वाले अधिकारियों पर कार्यवाही की मांग की थी पत्र पर वन मंत्री ने कार्यवाही की अनुशंशा की थी। वन मंत्री की अनुशंशा वाला पत्र प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) के कार्यालय में 17-9-2019 को पहुंचा। व्यास मुनि ने सूचना का अधिकार के तहत जानना चाहा कि वन मंत्री को प्रेषित उनके पत्र पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) के कार्यालय पहुंचने के पश्चात क्या कार्यवाही की गई। जवाब में जन सूचना अधिकारी ने बताया कि वन मंत्री को प्रेषित पत्र पर कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। जन सूचना अधिकारी के जवाब से असंतुष्ट होने पर प्रथम अपील लगाई गई परंतु अक्टूबर 2019 अंत में प्रथम अपील में भी यही जवाब दिया गया कि वनमंत्री को प्रेषित पत्र पर कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। इस पर आवेदक द्वारा सूचना आयोग के समक्ष द्वितीय अपील दायर की। द्वितीय अपील की सुनवाई के दौरान सूचना आयुक्त ने वन मंत्री को प्रेषित पत्र पर की गई कार्यवाही के दस्तावेज आयोग के समक्ष प्रस्तुत करने के आदेश दिए। सूचना आयोग के समक्ष जब दस्तावेज प्रस्तुत किए गए तो आयोग ने पाया की तत्कालीन प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) ने नोटशीट में दिनांक 17-9-2019 को लिखा कि आवेदक को सूचित किया जाना उचित होगा कि कार्यवाही अभी कार्यालय स्तर पर प्रक्रियाधीन है। आयोग ने विभागीय दस्तावेजों का अवलोकन करने पर पाया की आवेदन दिनांक तक अपीलआर्थी द्वारा वांछित जानकारी के संबंध में कोई कार्यवाही प्रारंभ ही नहीं हुई थी। आयोग ने तख्त टिप्पणी करते हुए लिखा कार्यवाही प्रक्रियाधीन होने बाबत दी गई जानकारी सही नहीं पाई गई। सूचना आयुक्त ने कहा कि जब प्रकरण में कार्यवाही ही नहीं प्रारंभ हुई थी तो कार्यवाही प्रक्रियाधीन कैसे हो सकती है, इस प्रकार दी गई जानकारी सही नहीं पाई गई। आयोग ने तत्कालीन प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) जिन्होंने नोटशीट में 17-9-2019 को दस्तखत किए थे, उन्हें डीम्ड जन सूचना अधिकारी मानते हुए उनके विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही की रक्षा प्रमुख सचिव वन विभाग छत्तीसगढ़ शासन को की है।

### पहली बार तीन भारतीय वन सेवा के अधिकारी पहुचे थे आयोग

प्रकरण में अंतिम सुनवाई 8 जून 2022 को हुई थी। 17 साल के सूचना का अधिकार की कार्रवाईयों में छत्तीसगढ़ में पहली बार ऐसा हुआ था जब प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) कार्यालय में अलग-अलग समय में पदस्थ रहे तीन भारतीय वन सेवा के अधिकारी अपना पक्ष रखने के लिए पहुंचे थे। इसमें उस दिनांक को प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वनप्राणी) के कार्यालय की जन सूचना अधिकारी रही शमा फारुकी, उनके पूर्व पदस्थ रहे श्रीनिवास तनेती और पंकज राजपूत उपस्थित थे।

## नपं अध्यक्ष अंजनी तिवारी ने नगर पंचायत और विद्यालय में फहराया तिरंगा



**शिवरीनारायण।** स्वतंत्रता दिवस के 75 वीं वर्षगांठ 15 अगस्त को पूरा देश आजादी के अमृत महोत्सव के रूप में मना रहा है। इसी परिपेक्ष्य में टेम्पल सिटी शिवरीनारायण में भी 15 अगस्त को सुबह लगभग 8.30 बजे रिमझिम बारिश के बीच नगर के सभी शैक्षणिक संस्थानों सहित अन्य शासकीय एवं निजी कार्यालयों तथा कुछ व्यवसायिक संस्थाओं एवं सामाजिक भवनों सहित बड़ी संख्या में नगर के नागरिकों ने अपने -अपने घरों पर ध्वजारोहण कर इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस को आजादी के अमृत महोत्सव के रूप बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। नगर पंचायत अध्यक्ष अंजनी मनोज तिवारी ने नगर पंचायत कार्यालय, शासकीय बालक प्राथमिक पाठ शाला एवं शासकीय बालिका प्राथमिक पाठशाला शिवरीनारायण और जय स्तंभ चौक पर तिरंगा फहराया। वहीं शासकीय उच्चतर माध्यामिक विघालय में नगर पंचायत उपाध्यक्ष राजेन्द्र यादव ने ध्वजारोहण किया।

# कलेक्टर ने इंजीनियर और ठेकेदारों की ली समीक्षा बैठक कहा, छवि बनाए रखने समय और गुणवत्ता पर दें खास ध्यान

### निर्माण कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराने के दिए गए सख्त निर्देश

पायनियर संवाददाता जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले में चल रहे निर्माण कार्यों के संबंध में लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग, जल संसाधन विभाग, सेतु, गृह निर्माण मंडल, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना एवं राष्ट्रीय राजमार्ग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उन्होंने विभाग अंतर्गत सड़क, पुल पुलिया, भवन निर्माण के चल रहे पूर्ण, अपूर्ण एवं प्रगतिरत कार्यों की जानकारी ली तथा गुणवत्तापूर्ण कार्य कर समय अवधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर संबंधित विभागों के कार्यपालन अभियंता, एसडीओ, उपअभियंता, ठेकेदार सहित अन्य विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे। निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर अग्रवाल ने कहा की क्षेत्र के विकास के लिए एक मजबूत अधोसंरचना का निर्माण जरूरी है। इसके तहत सड़क, पुल-पुलिया तथा भवनों जैसे कार्यों के निर्माण की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निर्माण विभागो की होती है। इसके लिए विभाग की छवि को बनाए रखने के लिए सभी अधिकारियों को निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एवं समय-सीमा में पूर्ण करने के लिए विशेष ध्यान रखें। कलेक्टर ने आदिम जाति कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित विभिन्न विभागों के निर्माणाधीन भवनों के कार्यो को शीघ्रता से पूर्ण कराने के लिए कहा। साथ ही पूर्ण हो चुके भवनों में विद्युत, पानी की व्यवस्था कराकर कर सम्बंधित विभाग को सौंपने के निर्देश दिए। जिससे भवनों का हॉस्टल, विद्यालय के संचालन में उपयोग किया जा सके। कलेक्टर ने कुनकुरी से पत्थलगांव एवं अंबिकापुर से पत्थलगांव के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण कार्यों की जानकारी ली तथा जिन स्थलों के लिए मुआवजा राशि वितरण किया जाना है समयावधि में निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही मरम्मत योग्य स्थानों को जल्द से जल्द मरम्मत कराकर सही करने कहा है। इसी प्रकार उन्होंने कुनकुरी तपकरा लवाकेरा सहित अन्य स्टेट हाईवे के भी गड्ढों की भराव, पेंच वर्क कर रिपेयरिंग पूर्ण कराने के लिए निर्देशित किया।

जिससे लोगों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी ना हो। साथ ही विभागीय अधिकारियों को मौके का सतत रूप से निरीक्षण करने एवं कार्य प्रगति की अद्यतन जानकारी लेने की बात कही। उन्होंने सभी निर्माण विभागों के भू-अर्जन के प्रकरणों की भी शीघ्रता से जांच कर सामाजिक समाघात जैसे कार्यवाही पूर्ण कर हितग्राहियों को मुआवजा राशि प्रदान करने के लिए कहा।

# एरियर की जानकारी नहीं देने पर डॉक्टर ने डॉक्टर के ऊपर लगवाई पेनल्टी

**रायपुर।** सेवानिवृत्त डॉक्टर को सेवानिवृत्ति उपरांत वेतन एरियर की जानकारी नहीं देने पर सूचना आयुक्त अशोक अग्रवाल ने डॉक्टर जन सूचना अधिकारी पर पेनल्टी लगाई है तथा प्रथम अपील अधिकारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की अनुशंसा की है। दरअसल चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर से सेवानिवृत्त हुए उपसंचालक स्वास्थ डॉ विनय बांठिया ने उन्हें सातवें वेतनमान का एरियर भुगतान नहीं मिलने के कारण सूचना का अधिकार के तहत एक आवेदन लगाया था, जिसमें उन्होंने पूछा था कि जनवरी 2016 से जून 2017 तक सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सातवें वेतनमान के वेतन एरियर का भुगतान किस दिनांक को किया गया। जन सूचना अधिकारी ने जब चाही गई सूचना उपलब्ध नहीं कराई तो डॉक्टर बांठिया द्वारा प्रथम अपील दायर की गई। सुनवाई के दौरान तो कहा गया कि सूचना दे दी जाएगी परंतु प्रथम अपील के आदेश में उल्लेखित किया गया कि डॉक्टर बांठिया द्वारा चाही गई जानकारी का संबंध किसी लोक क्रियाकलाप या हित में नहीं है, ऐसी सूचना देने से व्यक्ति की एकांतता पर अनावश्यक अतिक्रमण होगा। चाही गई सूचना न मिलने पर डॉक्टर बांठिया ने द्वितीय अपील दायर की गई। द्वितीय अपील की सुनवाई के दौरान जन सूचना अधिकारी ने स्वीकार किया कि उन्होंने गलत जानकारी प्रेषित की इसी प्रकार अपील अधिकारी का पक्ष भी आयोग ने विधि सम्मत नहीं पाया। आयोग ने जन सूचना अधिकारी देबप्रिय रथ सहायक प्राध्यापक बायोकेमिस्ट्री विभाग पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर पर अधिनियम की धारा 20(1) के तहत रुपए 25000 का अर्थदंड आरोपित कर संचालक चिकित्सा शिक्षा छत्तीसगढ़ को राशि वसूल कर शासन के कोष में जमा कराने हेतु आदेशित किया है। इसी प्रकार तत्कालीन प्रथम अपीलीय अधिकारी डॉक्टर बसंत महेश्वरी, पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सालय महाविद्यालय रायपुर के विरुद्ध संचालक चिकित्सा शिक्षा छत्तीसगढ़ रायपुर को अनुशासनात्मक कार्यवाही की अनुशंसा की है।

# आजादी के जश्न में डूबा भानुप्रतापपुर विधायक ने फहराया विभिन्न स्थानों पर तिरंगा



पायनियर संवाददाता भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com

भानुप्रतापपुर विकासखंड में आजादी के अमृत महोत्सव की धूम रही। भानुप्रतापपुर विधायक मनोज से मंडावी ने भानुप्रतापपुर में स्थित संस्कार वैली स्कूल तथा रेलवे स्टेशन में तिरंगा झंडा फहराया उन्होंने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी।

इस दौरान बच्चों ने देशभक्ति से जुड़ी विभिन्न प्रस्तुतियां देकर सभी स्वतंत्रता सेनानियों तथा शहीदों को याद किया तथा समारोह में उपस्थित सभी लोगों का मनोरंजन किया। वहीं जनता के बीच भी 15 अगस्त को लेकर खासा उत्साह दिखाई दिया। सोशल मीडिया पर भी लोगों ने अपनी डीपी में तिरंगा लगाया। इस साल 15 अगस्त का मौका बेहद खास रहा। लोगों ने अपने घरों पर भी तिरंगा लगाया और सोशल मीडिया पर भी लोगों ने अपनी डीपी में तिरंगा लगाया। सरकार के हर घर तिरंगा% अभियान के तहत सभी भारतीयों ने अपने घरों पर भी तिरंगा फहराया। भारी बारिश के बावजूद देशभक्तों का जोश नहीं डिगा और पूर्ण कर्तव्य निष्ठा के साथ देश की आजादी के लिए बलिदान देने वाले भारत मां के वीर सपूतों को याद किया गया।

स्वतंत्रता दिवस के मौके पर विधायक मनोज सिंह मंडावी ने कहा कि आज देश ने आजादी के 75 साल पूरे कर लिए हैं। आजादी के अमृत 75 साल पूरे होने पर देश भर में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। देश की आजादी में बलिदान हुए वीरों को याद किया जा रहा है।आजादी के बाद की पीढ़ी को देश की आजादी की महत्ता पता लगे, इसके लिए हर साल स्वतंत्रता दिवस के मौके पर वीर सपूतों को याद किया जाता है। उन्होंने देश की आजादी के लिए शहादत देने वाले वीर स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

# संसदीय सचिव मिंज ने जिला जनसंपर्क अधिकारी नूतन सिदार को किया सम्मानित

### शासन की योजनाओं के प्रचार-प्रसार में अहम भूमिका को लेकर सम्मानित



पायनियर संवाददाता जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जशपुर के रणजीता स्टेडियम में संसदीय सचिव छत्तीसगढ़ शासन व विधायक कुनकुरी यू.डी. मिंज और जशपुर विधायक विनय भगत ने जिला जनसंपर्क कार्यालय जशपुर के जिला जनसंपर्क अधिकारी नूतन सिदार और कर्मचारी रविन्द्र विश्वकर्मा को छत्तीसगढ़ शासन की योजनाओं का बेहतर प्रचार प्रसार के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रायमुनी भगत, जनपद पंचायत अध्यक्ष कल्पना लकड़ा, कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक डी. रविशंकर, जिला पंचायत सीईओ जितेन्द्र यादव, वनमण्डलाधिकारी जितेन्द्र उपाध्यय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में स्कूली बच्चें एवं नागरिकगण उपस्थित थे।

# भारी बारिश में छाते लेकर नयापारा से निकली तिरंगा यात्रा

पायनियर संवाददाता भानुप्रतापपुर
www.dailypioneer.com



स्वतंत्रता दिवस की 75वी वर्षगांठ अमृत महोत्सव में भानुप्रतापपुर वार्ड क्रमांक 13 के पार्षद पंकज राज वाधवानी के नेतृत्व में भारी बारिश में छाता लेकर जोश खरोश के साथ डीजे में देश भक्ति धुन के साथ वार्ड वासियों ने तिरंगा पद यात्रा निकाली। तिरंगा पद यात्रा की शुरुआत वार्ड के पार्षद पंकज राज वाधवानी ने रंगमंच में वरिष्ठ जनों की उपस्थिति में ध्वजारोहण कर की नयापारा रंगमंच से सभी एक हाथ में तिरंगा एक हाथ में छाता लेकर पंजाबी गुरुद्वारा होते हुए भारत माता व तिरंगे झंडे के जयकारे के साथ बाबा सतराम शाह चौक पहुंचे। बारिश में निकली तिरंगा पदयात्रा ने आम जनों का मन जोश उत्साह उमंग से भर दिया। भानुप्रतापपुर चौक में नयापारा वासियों के साथ-साथ व्यापारी गढ़ आम जन भी उपस्थित हुए। समस्त जनों की गरिमामय उपस्थिति में बस्तर प्राधिकरण के सदस्य बिरेश ठाकुर व युवा कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष पार्षद पंकज राज वाधवानी ने ध्वजारोहण किया तथा आमजन को संबोधित करते हुए नगर वासियों क्षेत्र वासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की विशेष रूप से वरिष्ठ नेता राजकुमार ठाकुर, सुरेश पंजवानी, राजीव गांधी युवा मितान के अध्यक्ष नवनीत ठाकुर , वार्ड क्रमांक 14 की पार्षद मनीषा सचदेव, मंदन गिरी गोस्वामी, सोनु रामानी,जुगल किशोर शर्मा, उमेश जैन ,रविंद्र फदियाल,अजय शर्मा,छन्नू पटेल,बुधराम पटेल,रमेश जैन,विजय बघेल,तुला राम, पुरेंद्र दास, किसुन निषाद, हेमंत गावडे, भोज निषाद, सन्नी दास, विवेक चौथाड़ी,संतीष नायर, अभिषेक मेश्राम ,सुरजा बाई नागवंशी, हीरोहोंदा बाई ,सुशीला यादव महेश्वरी यादव ,रूप लता यादव, देवकुवर साहू ,मंजू यादव ,गोविंद साहु ,भावना मंगलानी, राखी मंगलानी,विणा महेता,पशुभाष, हेमकांत, देवा पटेल ,बेला ठाकुर,पार्वती साहु, देवंती देवकी यादव,बिंदा बाई,निशा मंगलानी,लकी यादव अशोक यादव पवन साहू रश्मि यादव,सपना बक्सी,हर्ष कोटवानी,बाबु जैन ,शावित्री गावड़े लक्ष्मी वैष्णव, विकास ललित यादव ,संजय शर्मा,हेमंत गावडें आदि सैकड़ों महिलाएं बुजुर्ग युवा व बच्चे व्यपारी गढ़ आमजन उपस्थित थे।

# स्टूडेंट्स यूनियन ने ध्वजारोहण किया




**भानुप्रतापपुर।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भानुप्रतापपूर के वार्ड नंबर 11 मे स्थित सुभाष चन्द्र बोस जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भारत माता की पूजा कर ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता युवा मोर्चा के रायपुर के प्रभारी निखिल सिंह राठौर उपस्थित रहे। साथ ही जिला कांकेर के युवा मोर्चा के पुर्व जिला सोशल मीडिया प्रभारी नरेंद्र शर्मा ,युवा मोर्चा मण्डल भानुप्रतापपूर के मण्डल अध्यक्ष संकेत नसीने, स्टूडेंट्स यूनियन के तुषारिक कोसमा,सृष्टि साहू,प्रतिभा साहू, मोनिका देवांगन, भुमिका साहू, छाया राठौर, लक्ष्मी साहू, गौरव शर्मा, गुलशन पटेल,उमंग जैन, हरीश सुरोजिया, आकाश ठाकुर, हरीश सिन्हा, धनंजय कडियाम, भावेश सिन्हा, रितिक पटेल, विवेक डडसेना, अंशु मालेकर, बिरेन्द्र ठाकुर, शुशांत उइके,वेदप्रकाश सिन्हा, हर्ष शिवहरे आदी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# किसान को मिला 1 करोड़ 81 लाख बकाया का नोटिस परिवार सदमे में, तहसीलदार ने कहा लिपिकीय त्रुटि

### किसान गणेश शंकर मिश्रा ने कहा कि मैंने कोई ऋण नहीं लिया है

पायनियर संवाददाता जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

जिला मुख्यालय निवासी किसान गणेश शंकर मिश्रा को तहसील कार्यालय से 1 करोड़ 81 लाख रुपए बकाया चुकाने को नोटिस दिया गया है।

नोटिस मिलने के बाद बकाया की राशि देखकर परिजनों के होश उड़ गए हैं। प्रार्थी किसान नेता का कहना है कि मैंने कभी किसी बैंक से इतना ऋण लिया ही नहीं है कि उसका बकाया 1 करोड़ 81 लाख रुपए पहुंच जाए। जशपुर तहसीलदार विकास जिंदल के हस्ताक्षर से 2 जुलाई को गणेश शंकर मिश्रा के पास



नोटिस तामिल कराई गई है। गणेश शंकर मिश्रा का कहना है कि नोटिस में बकाया राशि 1 करोड़ 81 लाख देखकर वे बीमार पड़ गए और इलाज के लिए उन्हें तत्काल रांची जाना पड़ा।

### लिपिकीय त्रुटि थी

इस मामले के संबंध में तहसीलदार विकास जिंदल ने बताया कि बकाया राशि 1 करोड़ 81 लाख नहीं है। लिपिकीय त्रुटि की वजह से इतना रकम आया है। वास्तविक बकाया 1 लाख 81 हजार रुपए है। त्रुटि सुधार कर नया नोटिस उन्हें भेज दिया गया है। बैंक से ऋण बकाया की जानकारी हमें दी गई थी जिसके बाद उन्हें नोटिस भेजा गया है।

> लिपिकीय त्रुटि की वजह से इतनी राशि का आंकड़ा आया था। त्रुटि सुधार कर लिया गया है। बकाया राशि 1 लाख 81 हजार रुपए है।
> **विकास जिंदल,** तहसीलदार जशपुर

### मेरिट सूची में स्थान बनाने वाले विद्यालय के विद्यार्थियों का सम्मान

# गुंजन एजुकेशन सेंटर के स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए एस के द्विवेदी

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com

शक्ति शहर के प्रतिष्ठित स्टेशन रोड में स्थित अंग्रेजी माध्यम वाले गुंजन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आजादी के अमृत महोत्सव 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर स्वतंत्रता दिवस का कार्यक्रम उत्साह के साथ आयोजित किया गया, इस अवसर पर जहां सुबह से ही हो रही भारी बारिश के बावजूद विद्यालय के विद्यार्थी भारी संख्या में विद्यालय के निर्धारित गणवेश में मौजूद रहे तो वही विद्यालय प्रबंधन तथा विद्यालय के डायरेक्टर नितिन सोनी, सोनी तथा प्रिंसिपल श्रीवास्तव मैडम द्वारा सभी बच्चों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की गई, स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित ध्वजारोहण समारोह के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग के सेवानिवृत्त वरिष्ठ शिक्षक तथा भारत स्काउट गाइड प्रशिक्षण केंद्र पंचमढ़ी मध्यप्रदेश के एस के द्विवेदी बुढार, शक्ति अंचल के प्रसिद्ध ज्योतिषी पंडित महेश शर्मा, भारत स्काउट गाइड जिला संघ शक्ति के जिला संगठन आयुक्त स्काउट राजकुमार पटेल एवं जिला संगठन आयुक्त गाइड कमला दपी गबेल प्रमुख रूप से मौजूद थे,मुख्य अतिथि एस के द्विवेदी ने ध्वजारोहण किया साथ ही विद्यालय प्रबंधन द्वारा आयोजित मंचीय कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, वीणा वादिनी मां सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन, अतिथियों को बैच लगाकर एवं तिलक लगाकर स्वागत,स्वागत गीत,वंदे मातरम गीत तथा स्मृति चिन्ह भेंट कर हुआ,तत्पश्चात कार्यक्रम का मंच संचालन करते हुए विद्यालय के सदस्य ने कार्यक्रम पर प्रकाश डाला साथ ही विद्यालय की प्रिंसिपल सांत्वना श्रीवास्तव ने विद्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों पर भी अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए सभी विद्यार्थियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की, वही कार्यक्रम को मुख्य अतिथि की आसंदी से संबोधित करते हुए बुढार से आए भारत स्काउट गाइड के राष्ट्रीय प्रशिक्षक एस के द्विवेदी ने कहा कि आजादी का यह अमृत महोत्सव हम सभी के लिए गौरवशाली अवसर है, तथा आप सभी शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर सहभागिता करें,साथ ही विद्यालय द्वारा हमेशा अनुशासन के दायरे में रहने की आपको सीख दी जाती है, आप सभी इस का कड़ाई से पालन करें एवं भारत स्काउट गाइड के संबंध में भी मुख्य अतिथि द्विवेदी ने विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को भी अपने छात्र जीवन में इस क्षेत्र में भी उत्साह के साथ कार्य करने का आग्रह किया,कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शक्ति अंचल के प्रतिष्ठित ज्योतिषी पंडित महेश शर्मा ने विस्तार पूर्वक भारत के प्राचीन इतिहास एवं स्वतंत्रता संग्राम की लड़ाई में अपना बलिदान करने वाले अमर शहीदों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि आज हमारे देश के महापुरुषों ने देश की आजादी के लिए अपना सब कुछ न्यौछावर कर दिया एवं हम सभी आजादी की इस 75 वीं वर्षगांठ के अवसर पर अपने आपको सौभाग्यशाली महसूस कर रहे हैं, कि हमें यह देखने का अवसर मिल रहा है,तथा आजादी की लड़ाई अंग्रेजों से हमारे देश को गुलामी की जंजीरों से मुक्त कराने के लिए लड़ी गई तथा इस आजादी की लड़ाई में उन सभी महापुरुषों को जिन्होंने अपना योगदान दिया मैं आज इस अवसर पर उन्हें नमन करता हूं,वही कार्यक्रम को भारत स्काउट गाइड शैक्षणिक जिला शक्ति के जिला संगठन आयुक्त स्काउट राजकुमार पटेल एवं जिला संगठन आयुक्त गाइड कमला दपी गबेल ने भी संबोधित करते हुए कहा कि आज बारिश के बावजूद विद्यार्थियों में स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम को लेकर जो उत्साह देखने को मिल रहा है।



# नपं अध्यक्ष चंद्रप्रभा गर्ग एवं ज्योतिष गर्ग ने किया ध्वजारोहण

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com

स्वतंत्रता दिवस के मौके पर आजादी के अमृत महोत्सव 75 वीं वर्षगांठ का आयोजन नगर पंचायत क्षेत्र अड़भार में भी हर्षोल्लास के साथ देखा गया, इस अवसर पर नगर पंचायत अड़भार की अध्यक्षचंद्रप्रभा गर्ग ने विधायक प्रतिनिधि ज्योतिष गर्ग के साथ जहां शहर के विभिन्न सरकारी दफ्तरों एवं संस्थानों में ध्वजारोहण किया,तो वही नगर पंचायत अध्यक्ष चंद्रप्रभा गर्ग ने इस अवसर पर कहा कि आजादी की 75 वीं वर्षगांठ देखने का गौरवशाली यह अवसर हम सभी को प्राप्त हुआ है,एवं हम सभी भारत माता को वंदन करते हुए आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित करते हैं, तथा नगर पंचायत कार्यालय में भी अध्यक्ष चंद्रप्रभा गर्ग ने ध्वजारोहण किया, इस अवसर पर पूजा अर्चना के साथ ही मिष्ठान वितरण भी किया गया, वहीं इस अवसर पर उत्साह के साथ लोगों ने स्वतंत्रता दिवस के अमृत महोत्सव के विशेष पर्व पर अपनी भागीदारी की तथा शहर के घरों में जहां तिरंगा लहरा रहा था तो वहीं स्वतंत्रता दिवस के मौके पर भी शहर के विभिन्न स्थानों पर रोशनी भी की गई,एवं इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि ज्योतिष गर्ग ने भी कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में राज्य सरकार द्वारा भी इस अवसर पर विशेष रूप से आजादी के अमृत महोत्सव की वर्षगांठ को उल्लास के साथ मनाया जा रहा है।

## संपादकीय

# प्रधानमंत्री का संबोधन पांच प्रतिज्ञायें

**स्वतंत्रता** दिवस के संबोधन में पांच प्रतिज्ञायें लेने की बात कही। जनता इन प्रतिज्ञाओं का सम्मान कर सकती है, पर क्या नेता भी करेंगे? प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वतंत्रता दिवस भाषण इस बड़ी महत्वाकांक्षा को परिभाषित करता है कि भारत 2047 तक विकसित देश बन जाएगा। उन्होंने सरकार तथा जनता के लिए दीर्घकालीन रोडमैप पेश किया जिसमें अगले 25 वर्ष के लिए अनेक लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं। उन्होंने 2047 के लिए पांच प्रतिज्ञाओं की बात कही। इनमें भारत को विकसित देश बनाने, गुलामी के कोई भी लक्षण मिटाने, विरासत पर गर्व करने, एकता तथा अपने कर्तव्य पूरे करने की बात शामिल है। पांच प्रतिज्ञायें एक ही निरंतरता का हिस्सा हैं क्योंकि इनमें से हरएक दूसरे से जुड़ी है। इसी प्रकार इन प्रतिज्ञाओं से प्राप्त होने वाले लक्ष्य भी एक दूसरे से जुड़े हैं। विकसित देश के लिए केवल उच्च प्रति व्यक्ति आय जरूरी नहीं है। हालांकि यह आवश्यक है, पर यह अपने आप में काफी नहीं है। विकसित देश का अर्थ व्यक्तिगत स्वतंत्रता तथा नागरिकों के बीच समता है। यह तथ्य सभी जानते हैं कि विकसित देशों या अधिकांशतः पश्चिमी देशों के नागरिक न केवल तुलनात्मक रूप से ज्यादा अमीर हैं, बल्कि जीवन के उच्च मानकों का पालन करते हैं। ये देश दुनिया में सर्वाधिक स्वतंत्र देश हैं। इन देशों में लोग उस समय तक अपनी इच्छानुसार कुछ भी कहने व करने के लिए स्वतंत्र हैं, जब तक उससे अन्य नागरिकों को चिन्ता या नुकसान न हो। यही कारण है कि भारत व अन्य देशों के लोग कनाडा, अमेरिका, ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया व अन्य विकसित देशों में जाना और वहां बसना चाहते हैं। भारत भी ऐसा देश बन सकता है, बशर्ते कि राजनेता वर्ग व समाज इन स्थितियों को पैदा करने वाली गुलामी की सोच समाप्त करने की प्रतिज्ञा कर लें।

विरासत में गर्व, एकता तथा अपने दायित्व निभाने की जिम्मेदारी की भावना देश को मजबूत, आत्मविश्वासी व दृढ़ बनाएंगी। प्रधानमंत्री मोदी एक प्रेरक नेता हैं जिनका करिश्मा चुनाव जीतने तथा लोगों को सार्वजनिक जीवन में सार्थक सहभागिता के लिए प्रेरित करता है। इस बात में कोई संदेह नहीं कि व्यापक जनता भारत को विकसित देश बनाने के उनके आह्वान का जोश के साथ समर्थन करेगी। लेकिन असली समस्या राजनेताओं के साथ है। क्या भारतीय जनता पार्टी को छोड़ कर वे इसका पालन पूरी भावना के साथ करेंगे? इसके जवाब के बारे में निश्चित रूप से कुछ नहीं कहा जा सकता है। केन्द्र सरकार ने कोरोनाकाल के सर्वाधिक चुनौतीपूर्ण समय समेत हमेशा राजकोषीय रूप से व्यावहारिक रहने का प्रयास किया है। हर केन्द्रीय बजट बनाने के पहले वह कभी अर्थशास्त्रियों व विशेषज्ञों की इन अपीलों के सामने नहीं झुकी कि 'यह समय अलग है', इसलिए सरकार को ज्यादा से ज्यादा खर्च करना चाहिए। लेकिन हर साल ज्यादा खर्च के लिए एक या दूसरा बहाना बनाया जाता है। लेकिन मोदी सरकार ऐसी मांगों के सामने कभी नहीं झुकी है। मोदी ने खैरातों के खिलाफ बोलना शुरू किया है जिसका अनेक गैर-भाजपा नेता, खासकर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल विरोध कर रहे हैं। लेकिन दुर्भाग्य से राज्यों में सत्तारूढ़ भाजपा ने खैरात रोकने तथा लोकरंजकता के स्वर धीमें करने की ज्यादा पहल नहीं की है। कम से कम स्पष्ट दिखने वाला ऐसा कोई रिकार्ड नहीं है। संक्षेप में जहां भारत की जनता मोदी द्वारा दिलाई गई प्रतिज्ञाओं का सम्मान करने को तैयार हो सकती है, यही बात राजनेताओं की गंभीरता के बारे में नहीं कही जा सकती है।

# उर्वरक सब्सिडी के बजाय डीबीटी उपयोगी

## सरकार को निर्माताओं के माध्यम से उर्वरक सब्सिडी देने के बजाय इसे प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण-डीबीटी के माध्यम से किसानों को देना चाहिए।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं)



पिछले तीन साल में उर्वरक सब्सिडी में भारी वृद्धि नीति निर्माताओं, खासकर केन्द्रीय वित्त मंत्रालय को परेशान कर रही है जिसे खर्च की व्यवस्था करनी होती है। उर्वरक सब्सिडी का भुगतान निर्माताओं या आयातकों को करना पड़ता है ताकि वे उत्पादन, आयात व वितरण में कम अधिकतम खुदरा मूल्य-एमआरपी से अधिक खर्च वहन कर सके। केन्द्र सरकार किसानों से केवल एमआरपी लेने की अनुमति देती है। ये भुगतान मोटेतौर से दो श्रेणियों में आते हैं। यूरिया नाइट्रोजन या 'एन' सप्लाई का मुख्य स्त्रोत है, जबकि फास्फेट या 'पी' और पोटाश या 'के' उर्वरकों को गैर-यूरिया उर्वरक कहा जाता है। इस श्रेणी में लोकप्रिय उर्वरक डाई-अमोनियम फास्फेट-डीएपी व म्यूरेट आफ पोटाश-एमओपी हैं।

यूरिया के मामले में सरकार एमआरपी पर नियंत्रण को 'अनिवार्य' करती है। सरकार निर्माताओं या आयातकों को उत्पादन लागत तथा वितरण या 'कास्ट आफ सप्लाई' का भुगतान एमआरपी पर सब्सिडी के रूप में करती है। यह 2003 से लागू नई मूल्य नीति-एनपीएस के अंतर्गत 'विशिष्ट यूनिट' के आधार पर की जाती है। जहां तक गैर-यूरिया उर्वरकों का सवाल है, यह पोषकों के आधार पर 'समान' सब्सिडी तय की जाती है जो सभी निर्माताओं व आयातकों के लिए एक अन्य योजना पोषक आधार योजना-एनबीएस के अंतर्गत दी जाती है। यह योजना 2010 में लागू की गई थी। सब्सिडी के संबंध में दो चीजें महत्वपूर्ण हैं। पहली सप्लाई का खर्च तथा दूसरी एमआरपी। प्रत्येक टन उत्पादित या आयातित बिक्री किए जाने वाले उर्वरक पर सब्सिडी और कुछ नहीं, बल्कि दोनों के बीच अंतर है। तीसरा महत्वपूर्ण आयाम उर्वरकों की कुल बिक्री वाली मात्रा है। प्रति टन सब्सिडी से गुणा करने पर यह कुल सब्सिडी भुगतान प्रदर्शित करता है जो बजट में सामने आता है। भारत अपनी उर्वरक आवश्यकतायें पूरी करने के लिए अधिकांशतः आयात पर निर्भर है। प्रत्येक प्रकार के उर्वरक के संबंध में निर्भरता पर गौर करें तो यह फास्फेट में 90 प्रतिशत, पोटाश में 100 प्रतिशत, यूरिया में 33 प्रतिशत तथा गैस में 50 प्रतिशत है। भारतीय तटों पर पहुंचने पर उनकी कीमत अनेक वैश्विक मांग व सप्लाई शक्तियों के आधार पर निर्भर होती है। इसके साथ ही इसमें कस्टम ड्यूटी, पोर्ट हैंडलिंग तथा आंतरिक परिवहन की लागत भी आयातित उत्पादक और 'प्रसंस्करण लागत' के रूप में जुड़ती है। इसमें कच्चे माल की कीमत, ब्याज, अवमूल्यन, रिटर्न या इक्विटी तथा वेतन व भत्ते, पैकेजिंग, आदि का खर्च शामिल है। भारत में उत्पादित उर्वरक में भी आयातित कच्चा माल प्रयोग होता है जिस पर टैक्स व ड्यूटी लगती है। गैर-यूरिया उर्वरकों के आयात के मामले में कस्टम ड्यूटी व कच्चा माल लगभग 5 प्रतिशत होता है। राक फास्फेट और सल्फर इसके अपवाद हैं जहां यह 2.5 प्रतिशत होता है। सभी उर्वरकों पर 5 प्रतिशत जीएसटी लगता है। फास्फोरिक एसिड व अमोनिया पर क्रमशः 12 प्रतिशत व 18 प्रतिशत जीएसटी लगता है। हालांकि, प्राकृतिक गैस जीएसटी के बाहर है, पर इस पर वैट लगता है जो उत्तर प्रदेश में 21 प्रतिशत तक हो सकता है।

उपरोक्त को देखते हुए सप्लाई का खर्च निर्माताओं व आयातकों की परिधि से बाहर होता है। जहां तक एमआरपी का सवाल है, किसी मूल्य वृद्धि खासकर यूरिया में मूल्य वृद्धि का राजनीतिक नतीजा होता है और कोई सरकार इसे छूना नहीं चाहती है। इसकी महत्वपूर्ण भूमिका इस तथ्य से देखी जा सकती है। 1998-99 में वाजपेयी सरकार के वित्त मंत्री यशवंत सिन्हा ने यूरिया के प्रति टन यूरिया में 1,000 रुपये वृद्धि का प्रस्ताव किया। लेकिन मूल्यवृद्धि को अधिक दिखने से बचने के लिए उन्होंने सामान्य रूप से प्रति टन के बजाय एक रुपये किलो मूल्यवृद्धि की बात कही। लेकिन यह तरकीब कारगर नहीं रही। सिन्हा को अगले ही दिन वृद्धि में 50 प्रतिशत कमी पर मजबूर होना पड़ा और बाकी वृद्धि भी दो सप्ताह से कम समय में वापस ले ली गई। विश्वास करें या नहीं, इसके बाद दो दशक या 2002 तक यूरिया के एमआरपी में कोई वृद्धि नहीं की गई। यहां तक कि गैर-यूरिया उर्वरकों के मामले में एनबीएस बिक्री मूल्य में वृद्धि की अनुमति देता है, पर मोदी सरकार ने वास्तव में अप्रैल, 2021 तक इसकी मूल्य वृद्धि पर विराम लगा दिया था। उपरोक्त आयामों को देखते हुए अनेक सरकारों ने असहाय होकर उर्वरक सब्सिडी को लगातार बढ़ते देखा है जो हालिया वर्षों में खतरनाक स्तर तक पहुंच गई हैं। केवल 2008-09 में यह 1,00,000 करोड़ रुपये की सीमा पार कर चुकी थी। अब हम देख रहे हैं कि हर तीन साल में ऐसा हो रहा है। 2020-21 व 2021-22 में सब्सिडी क्रमशः 1,38,000 व 1,62,000 करोड़ की सीमा पार कर गई तथा इसके 2,50,000 करोड़ पहुंचने की आशा है।

ऐसे में आगे बढ़ने का रास्ता क्या है? इस सवाल का जवाब मुख्य आर्थिक सलाहकार-सीईए ने 2015-16 के आर्थिक सर्वेक्षण के विश्लेषण में दिया है। इसके अनुसार, सब्सिडी का 24 प्रतिशत अक्षम उत्पादकों के पास चला जाता है तथा 41 प्रतिशत गैर-कृषि कार्यों में लगता है जिसमें पड़ोसी देशों को स्मगलिंग भी शामिल है। इसके साथ ही 24 प्रतिशत का उपयोग बड़े व अमीर किसानों द्वारा होता है। इससे केवल 11 प्रतिशत ही छोटे व सीमान्त किसानों के लिए बचता है, जबकि सब्सिडी का अधिकतम लाभ उनको ही मिलना चाहिए। हालांकि, 2015-16 से नीम कोटिंग का बहुत प्रचार हुआ है तथा सभी निर्माताओं व आयातकों को ऐसा करना जरूरी है, लेकिन इसके बावजूद यूरिया का 30 प्रतिशत अन्य कामों में खर्च होता है। इस प्रकार कुल 35 मिलियन टन बिक्री वाली यूरिया में 10.5 मिलियन टन का गैर-कृषि कार्यों में प्रयोग हो जाता है जिसके लिए सब्सिडी की जरूरत नहीं है। प्रति टन औसत सब्सिडी 71,400 रुपये को देखते हुए इसका दुरुपयोग रोकने से लगभग 75,000 करोड़ रुपये की बचत हो सकती है।

यदि कुल बिक्री वाली यूरिया से गलत प्रयोग की जानी वाली यूरिया की मात्रा अलग की जाए तो किसानों द्वारा वास्तव में प्रयोग की जाने वाली यूरिया का पता चल जाएगा। यह लगभग 24.5 मिलियन टन है। इसमें से 2 हेक्टर से अधिक जमीन वाले मझोले व बड़े किसान लगभग 25 प्रतिशत या 6.1 मिलियन टन का प्रयोग करते हैं। यदि उनको सब्सिडी योजना से बाहर कर दिया जाए तो लगभग 44,000 करोड़ रुपये की बचत होगी। उर्वरक प्रयोग की क्षमता बढ़ाने की असाधारण संभावनायें हैं। यूरिया प्रयोग की क्षमता में 10 प्रतिशत सुधार का अर्थ 2.45 मिलियन टन की बचत होगी। यदि सब्सिडी को 71,400 रुपये प्रति टन माना जाए तो इससे लगभग 17,500 करोड़ रुपये की बचत होगी। कुल मिला कर कहा जाए तो सरकार 1,36,500 करोड़ रुपये की बचत कर सकती है। लेकिन इसके लिए सरकार को मूल्य व सब्सिडी सुधारों की आवश्यकता होगी। सरकार को निर्माताओं के माध्यम से उर्वरक सब्सिडी देना बंद करना होगा। इसके बजाय केवल छोटे व सीमान्त किसानों को प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण-डीबीटी के माध्यम से सब्सिडी दी जा सकती है। इससे सभी सप्लायर बाजार द्वारा निर्धारित कीमतों पर उर्वरक बेचने को स्वतंत्र होंगे। यूरिया आयात को भी मुक्त किया जाना चाहिए क्योंकि गैर-यूरिया उर्वरकों का आयात पहले ही मुक्त है। इससे सप्लायरों में प्रतियोगिता बढ़ेगी तथा केवल सर्वाधिक सक्षम ही बाजार में बचेंगे जो कम लागत पर सप्लाई करने की स्थिति में होंगे। किसान के खाते में सीधे सब्सिडी जाने के कारण बाजार में कोई सब्सिडी वाला उर्वरक नहीं होगा। इससे गैर-कृषि कार्यों में उर्वरकों का प्रयोग पूरी तरह बंद हो जाएगा। इसके साथ ही एमआरपी से उर्वरकों की असली कीमत स्पष्ट होने पर किसान इसका बेहतर प्रयोग करेंगे। सरकार को टैक्स व ड्यूटी की समीक्षा करने की भी जरूरत है।

उर्वरकों पर टैक्स लगाने का कोई अर्थ नहीं है क्योंकि इसकी भरपाई सरकार को ही करनी होती है। सभी उर्वरकों के आयात पर कस्टम ड्यूटी समाप्त होनी चाहिए। गैस को भी जीएसटी के अंतर्गत ला कर उसे 5 प्रतिशत वाले स्लैब में रखा जाना चाहिए।

# विपक्ष को अच्छे नेता व बेहतर सामंजस्य की जरूरत



**कल्याणी शंकर**
(लेखिका, वरिष्ठ पत्रकार हैं)

भारत के अगले आम चुनाव के लिए विपक्ष को संगठित होने में अभी समय है। ऐसे में लगता है कि 2024 का चुनाव भाजपा और क्षेत्रीय दलों के बीच होगा। इस संबंध में कुछ सवाल स्वाभाविक रूप से उठते हैं। 75 साल के स्वतंत्र भारत में लोकतंत्र ने कैसे काम किया है? कुल मिलाकर, इसने 17 बार सुचारू रूप से सहज सत्ता हस्तांतरण किया है। इसलिए हम खुद को शाबाशी दे सकते हैं कि हमने दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में अच्छा काम किया है। लेकिन जहां यह बेहतर हो सकता था, वह है विपक्ष की स्थिति, जो लोकतंत्र की एक अच्छी पहचान है। जैसा कि हम वर्तमान समय में स्वतंत्रता की हीरक जयंती मना रहे हैं, यह समय पीछे मुड़कर देखने और विपक्ष की स्थिति को परखने का भी है, जिसने अपने इतने वर्ष के जीवन में अनेक उतार-चढ़ाव का सामना किया है। 1952 में जब पहला आम चुनाव हुआ, तो कांग्रेस ने केंद्र व राज्यों में चुनावों में जीत हासिल की। लेकिन 1962 के चुनावों तक आते-आते, कम्युनिस्टों, समाजवादियों, स्वतंत्र पार्टी और भारतीय जनसंघ ने उसके व्यापक प्रसार में सेंध लगाना शुरू कर दिया था। ऐसा भी दौर आया जब विपक्ष ने चीनी आक्रमण के समय नेहरू की विफलता, इंदिरा गांधी के आपातकाल, राजीव गांधी के बोफोर्स घोटाले, मंडल आंदोलन, मंदिर आंदोलन, नागरिकता (संशोधन) अधिनियम 2019, किसान आंदोलन आदि मुद्दों पर सत्तारूढ़ दल के खिलाफ एक सफल अभियान चलाया।

वर्तमान समय पर गौर करें तो स्पष्ट होगा कि हमारे पास एक कमजोर और विभाजित विपक्ष है। कुछ लोगों को लगता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सफलता का राज बंटा हुआ विपक्ष है। चूंकि विपक्ष के पास देश के भविष्य के बारे में साहसिक योजना, नयी दूरगामी दृष्टि और नेतृत्व की कमी है, इसलिए बार बार यही सवाल उठता है कि केन्द्रीय सत्ता के संघर्ष में मोदी बनाम कौन? फिलहाल विपक्ष के पास इसका कोई जवाब नहीं है। इसके अलावा, ममता बनर्जी, मायावती और के. चंद्रशेखर राव जैसे उभरते क्षेत्रीय क्षत्रप अपने अलावा नेतृत्व के लिए अन्य नेताओं के नामों पर सहमत नहीं हैं।

2014 में भारतीय जनता पार्टी के कद्दावर नेता व गुजरात के लंबे समय तक मुख्यमंत्री रह चुके नरेन्द्र मोदी के राष्ट्रीय परिदृश्य में प्रवेश करने के बाद से कांग्रेस लगातार राज्यों में अपनी सत्ता को खोती आई है। आज, एक कमजोर कांग्रेस मुख्य विपक्षी दल है। 2019 के लोकसभा चुनावों में भाजपा के 300 से अधिक के मुकाबले उसे सिर्फ 52 सीटें मिलीं। कांग्रेस वर्तमान समय में अनेक समस्याओं से ग्रस्त है। इसमें नेहरू-गांधी परिवार से चिपके हुए पार्टी नेतृत्व व कार्यकर्ताओं के बड़े समूह के साथ ही पार्टी के पास पर्याप्त धन का अभाव है। इसके साथ ही वह भाजपा पर लगाम लगाने की रणनीति की कमी से भी ग्रस्त है।

स्वतंत्रता के फौरन बाद भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) कांग्रेस का मुख्य विपक्षी दल थी। तत्कालीन मद्रास प्रेसीडेंसी में और बाद में भाषाई रूप से बनाए गए आंध्र प्रदेश में कम्युनिस्ट आंदोलन मजबूत था। 1964 में भाकपा और माकपा में विभाजन के बाद भी, वाम दलों ने आने वाले दशकों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वामपंथियों ने 1989 में वीपी सिंह सरकार का समर्थन किया। उन्होंने 1996-98 के दौरान दो संयुक्त मोर्चा सरकारों और 2004 और 2008 के बीच कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) के लिए किंगमेकर की भूमिका निभाई। लेकिन वामदलों का जो पतन 2009 के चुनावों के साथ शुरू हुआ वह अब तक जारी है। बीते छह दशकों में अपना अब तक का सबसे खराब प्रदर्शन दर्ज करते हुए, वाम मोर्चा 2019 के चुनावों में सिर्फ पांच सीटों पर ही कामयाब रहा।

एक अन्य स्तर पर गैर-कांग्रेस विपक्ष ने जयप्रकाश नारायण, राम मनोहर लोहिया और अन्य नेताओं के नेतृत्व में 1970 के दशक के मध्य से समाजवादी धारा चलाई। उनके जनता के बीच फैले आंदोलन ने लालू प्रसाद यादव (राष्ट्रीय जनता दल), मुलायम सिंह यादव (समाजवादी पार्टी), देवेगौड़ा (जनता दल-सेक्युलर), और नवीन पटनायक (बीजद) जैसे कुछ वर्तमान नेताओं के उदय का मार्ग प्रशस्त किया। अस्सी के दशक से तथाकथित निचली जातियों का उदय, धार्मिक पहचान, भाषाई समूह, पिछड़े वर्गों का उभार, भाजपा की हिंदुत्व पहचान की राजनीति, विद्रोह और स्वायत्तता आंदोलन, और क्षेत्रीय दलों ने प्रमुखता हासिल कर ली है। 1990 के दशक के बाद, कांग्रेस को क्षेत्रीय दलों का सहारा लेना पड़ा क्योंकि यह तथाकथित उच्च जाति द्वारा भाजपा को और पिछड़ी व दलित जातियों के समाजवादी पार्टी और बसपा को वोट देने से हार गई थी। इसने असहाय होकर हिंदी पट्टी में 'मंडल' और 'कमंडल' आंदोलनों को देखा।

द्रविड़ पार्टियों ने 1967 से तमिलनाडु में अपनी एड़ी-चोटी का जोर लगाया था। इसके परिणामस्वरूप द्रमुक और अन्नाद्रमुक 1967 से बारी-बारी से तमिलनाडु पर राज कर रहे हैं। दूसरी ओर केरल में वामपंथी और कांग्रेस बारी-बारी से शासन कर रहे हैं। तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में नए क्षेत्रीय क्षत्रप हैं।

नेहरू के दौर से कांग्रेस बहुत आगे निकल चुकी है। 1975 में आपातकाल लगाने के बाद इंदिरा गांधी को एक मजबूत विपक्ष का सामना करना पड़ा। संख्या की कमी के बावजूद, इंद्रजीत गुप्ता, सोमनाथ चटर्जी और मधु दंडवते सहित आधा दर्जन तेजतर्रार विपक्षी नेता अपनी स्पष्ट रणनीति व जनता में उसके प्रति समर्थन प्राप्त कर बोफोर्स घोटाले में राजीव गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस को सत्ता से बाहर करने में कामयाब रहे। पीवी नरसिम्हा राव (1991-96 के दौरान प्रधानमंत्री) अपनी पार्टी के भीतर से उभरे और विपक्षी दलों के कड़े विरोध के बावजूद नियंत्रित अर्थ -व्यवस्था को खत्म करने और दक्षिणपंथी अर्थ-व्यवस्था की ओर 360-डिग्री वाला मोड़ लेने के लिए पर्याप्त साहसी सिद्ध हुए।

अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में भाजपा ने 1998 से 2004 तक अपनी गठबंधन सरकार अच्छी तरह से चलाई। फिर भी, 2004 के चुनाव भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) और कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूपीए के बीच एक तगड़ी लड़ाई थी। अटल नीत भाजपा सरकार की पराजय के बाद मनमोहन सिंह को प्रधानमंत्री के रूप में नामांकित करते हुए, सोनिया गांधी ने रिमोट कंट्रोल से वाम दलों द्वारा समर्थित सरकार चलाई। जब से नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय राजनीतिक परिदृश्य में प्रवेश किया है, भाजपा राज्य-दर-राज्य विजयी रही है। वह एक अधिनायकवादी नेतृत्व के साथ-साथ एक कट्टर हिंदू विचारधारा का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने बदलाव का वादा किया और मतदाताओं में उम्मीद जगाई। हालांकि, कर्नाटक को छोड़कर दक्षिण, भाजपा से दूर है। इन क्षेत्रीय भाषाई दलों की बेहतर संगठनात्मक क्षमता ने उन्हें भाजपा की पैठ का प्रतिरोधी बना दिया है।

75 साल के समापन पर विपक्ष को एक अच्छे नेता, एक अच्छे आख्यान और सामंजस्य की जरूरत है। अभी भी संगठित होने और उत्साही लड़ाई लड़ने का समय है। 2024 का चुनाव भाजपा और क्षेत्रीय दलों के बीच होगा।

## फरमाया



**प्रधानमंत्री** द्वारा 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका दिवस के रूप में मनाने का उद्देश्य सर्वाधिक दुःखद घटनाओं का राजनीतिक संघर्ष में प्रयोग करना है।

**- जयराम रमेश**
कांग्रेस नेता



**विभाजन** विभीषिका दिवस के अवसर पर मैं उन सभी लोगों को श्रद्धांजलि देना चाहता हूं जिन्होंने विभाजन के दौरान अपनी जान गंवाई। मैं सभी पीड़ितों की दृढ़ता को सलाम करता हूं।

**- नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**अमेरिका** भारतीय जनता की लोकतांत्रिक यात्रा में उसके साथ है जो महात्मा गांधी के सत्य व अहिंसा के अमर सिद्धान्तों से प्रेरित रही है।

**- जो बाइडेन**
अमेरिकी राष्ट्रपति

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।
www.dailypioneer.com

## शिक्षकों का व्यवहार

**मटके** से पानी पीने के चलते जिस शिक्षक ने बच्चे को पीटा था। बच्चे की मृत्यु के बाद उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। बच्चे की गलती इतनी थी कि वह प्यास बर्दाश्त नहीं कर सका और घड़े से पानी पी लिया। स्कूल में बच्चों को पीटने या किसी भी प्रकार का शारीरिक दंड देने, मानसिक रूप से परेशान करने पर हमारे देश में सख्त कानूनी प्रावधान है। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने स्कूलों में शारीरिक दंड को खत्म करने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसके अनुसार बच्चे को किसी भी प्रकार का दर्द देना, चाहे वह हल्का ही क्यों न हो, शारीरिक दंड की श्रेणी में आता है। इसके बावजूद देश के किसी न किसी कोने में निरंतर बच्चों को प्रताड़ित करते रहने की घटनाएं होती चली आ रही हैं। वास्तव में बच्चों को पढ़ाने वाले टीचर का मनोवैज्ञानिक परीक्षण किया जाना अत्यावश्यक है। बच्चों के माता-पिता को भी शिक्षक के व्यवहार पर नजर रखनी चाहिए। टीचिंग में महिलाओं को प्राथमिकता व आरक्षण दिया जाना चाहिए। वे न सिर्फ किताबी ज्ञान देगी, वह बच्चों की कोमल भावनाओं के अनुरूप उन्हें स्नेह व प्रेम करो की पढ़ाई कराएंगी।

**–सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

## महिला सशक्तीकरण

**महिला** पंचायत प्रतिनिधियों की निर्णय क्षमता, आत्मविश्वास, नेतृत्व प्रणाली एवं पंचायतों की रूटीन व्यवस्था में सुधार के लिए मध्यप्रदेश शासन ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। अब महिला जन-प्रतिनिधियों के पति एवं निकटतम पुरुष रिश्तेदारों का पंचायत के कार्यों में कोई दखल नहीं रहेगा। ग्राम सभाओं में भी महिला सरपंचों को ही भागीदारी करनी होगी। हाल ही में हुए पंचायत चुनाव में चुनी गई कुछ महिला सरपंचों के स्थान पर उनके पतियों द्वारा शपथ लेने का मामला उजागर होने पर मध्य प्रदेश सरकार के पंचायत राज संचालनालय ने यह फैसला लिया है कि पंचायत के कार्यों में अनुचित रुप से दखल देने वाले महिला सरपंचों के पति एवं रिश्तेदारों पर जिला प्रशासन द्वारा सख्त कार्यवाही की जाएगी। त्रिस्तरीय पंचायत राज के तीनों स्तरों पर सरकार को यह नियम लागू करना चाहिए, साथ ही सरपंचों के निर्वाचन के लिए शैक्षणिक योग्यता का क्राइटेरिया भी तय किया जाना चाहिए। सरकार के इस फैसले से महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा। नए चुने हुए जनप्रतिनिधियों हेतु सरकार को प्रशिक्षण की भी व्यवस्था करना चाहिए।

**–ललित महालकरी,** इंदौर

## रूश्दी पर हमला

**आखिरकार** सलमान रुश्दी पर हुए हमले के 48 घंटे बाद ईरान ने चुप्पी तोड़ते हुए इस पर प्रतिक्रिया दी है। उसने इस हमले के लिए अपने ऊपर किसी तरह की जिम्मेदारी लेने से इंकार कर दिया, उलटे इसके लिए स्वयं रुश्दी एवं उनके समर्थकों को दोषी ठहरा दिया। इसका मतलब यह हुआ, वह 24 वर्षीय लेबनानी मूल के हादी माटर, जिसने न्यूयोर्क में, उपन्यासकार एवं लेखक पर चाकुओं से हमला किया, के समर्थन में खुल कर सामने आ गया है। अयातुल्लाह खुमैनी का फतवा 1989 में आया था। जबकि उपन्यास 'सेटेनिक वर्सेज' का प्रकाशन 1988 में हुआ था। यह जानते हुए कि जीवन से बड़ा धर्म नहीं है। जीवन है, तो धर्म है, वरना धर्म का कोई अहमियत नहीं है। इसलिए धर्म से ज्यादा जरुरी है जीवन की रक्षा करना। सलमान रुश्दी को अब होश आ गया है। ईश्वर से कामना है कि वे जल्द से जल्द, अपने लेखन की दुनिया में लौट आएं। न्यूयार्क प्रशासन को चाहिए हादी माटर को सख्त से सख्त सजा दे। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर ऐसे हमले रोकना बहुत जरूरी हो गया है।

**–जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

स्वतंत्रता दिवस की संध्या पर राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन

# देश के नामचीन कवियों के उत्कृष्ट कविता पाठ से रसज्ञ श्रोता हुए मंत्रमुग्ध

### प्रतिष्ठित कवियों के सस्वर कविता पाठ से अभिभूत हुए अधिकारी-कर्मचारी

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

स्वतंत्रता दिवस की संध्या पर 15 अगस्त को कृषि उपज मंडी परिसर बालोद में आयोजित राष्ट्रीय कवि सम्मेलन के आयोजन के अवसर पर देश के नामचीन एवं लब्धप्रतिष्ठित कवियों ने अपनी उत्कृष्ट कविता पाठ के माध्यम से बालोद के रसज्ञ श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, साहित्यकारों एवं आमजनता सहित समाज के सभी वर्ग के लोग अभिभूत होकर पूरे मनोयोग से कविता का रसस्वादन कर रहें थे। सभी लोगो ने इस राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में पूरे समय उपस्थित रहकर इन सभी नामचीन कवियों के कविताओं का लुत्फ उठाया। उल्लेखनीय है कि इस राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में पद्मश्री डॉ. सुनील जोगी(दिल्ली), अमन अक्षर (भोपाल), अंकिता सिंह (गुरूधाम), अभय निर्भिक (लखनऊ), गजेन्द्र प्रियांशु (बाराबंकी), मिथलेश शर्मा (बालोद), आलोक शर्मा (दुर्ग) एवं श्याम कश्यप बेचैन (सरगुजा) उपस्थित होकर अपनी सर्वश्रेष्ठ रचनाओं का पाठ किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेंडिया उपस्थित थी। इसके अलावा संसदीय सचिव कुंवर सिंह निषाद, संजारी-बालोद विधायक संगीता सिन्हा, जिला पंचायत की अध्यक्ष सोनादेवी देशलहरा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष मिथिलेश निरोटी, नगर पालिका परिषद बालोद के अध्यक्ष विकास चोपड़ा सहित अन्य अतिथिगण कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इसके साथ ही जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. प्रज्ञा पचौरी, कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दुर्ग डॉ. अभिषेक पल्लव, पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार यादव, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. रेणुका श्रीवास्तव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरिश राठौर सहित जिला प्रशासन वरिष्ठ अधिकारी एवं साहित्यकार भी कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर स्कूली बच्चों के द्वारा देशभक्ति पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुति दी गई। मुख्य अतिथि अनिला भेंडिया एवं अतिथियों के द्वारा कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रस्तुति देने वाले विद्यार्थियों का सम्मान भी किया गया।





### संदीपनी एकेडमी महिला जागरूकता कार्यक्रम



**धमधा/मुरमुंदा।** शिक्षा विभाग के विद्यार्थियों द्वारा ग्राम अछोटी में पथ भ्रमण कर महिला जागरूकता कार्यक्रम के तहत जनजागृति उत्पन्न करने का प्रयास किया गया. पथ भ्रमण के अन्तर्गत गाँव के प्रमुख चौंक चौराहे में नारे लगाकर, स्लोगन वाक्य, पोस्टर तथा बैनर के माध्यम से बदलते परिवेश में समाज की प्रगति में महिलाओं की भूमिका एवं महत्व पर लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया तथा महिलाओं को शिक्षा के साथ साथ आजीविका और स्व सहायता समुहों, निजी घरेलू उद्यमों के माध्यम से आर्थिक सशक्तिकरण और सामाजिक दायित्वों के कुशल निर्वहन के लिए प्रेरित किया गया. इस अवसर पर ग्राम प्रमुख तथा अनेक गणमान्य ग्रामीण उपस्थित थे। संस्था की ओर से शिक्षा विभाग के विद्यार्थियों का कुशल मार्गदर्शन सहायक प्राध्यापक विनोद साहू तथा ममता कोशरिया (सहायक प्रध्यापक) ने किया सफल कार्यक्रम हेतु संस्था के प्रशासनिक अधिकारी विनीत चौबे, विभागाध्यक्ष-डॉ. संध्या पुजारी, मुख्य सलाहकार डॉ.-आभा दुबे एवं संस्था के समस्त स्टाफ द्वारा मार्गदर्शकों एवं विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी गई।

# छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक में नहीं हुआ समय पर ध्वजारोहण, जांच कराएंगे सांसद मोहन मंडावी

पायनियर संवाददाता ◄ डौंडी
www.dailypioneer.com




आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर पूरे भारत देश में आजादी का यह पर्व अमृत महोत्सव के रूप मनाया गया एवं 13 अगस्त से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान भी चलाया गया। लेकिन डौंडी नगर में संचालित सरकारी ग्रामीण बैंक में नियमतः सुबह समय ध्वजारोहण किया ही नही गया। जब एक पोर्टल में इसकी समाचार चंद लाईन में चल गई तब कही जाकर यहां के केवल एक कर्मचारी गुजराती मिक्कर युवक के साथ ध्वजारोहण करते नजर आ रहे है। वही शेष समस्त स्टाप की गैरहाजिरी पर सवालिया निशान उठ रहा है। सवाल यह भी उठ रहा कि क्या देश भक्ति की जगह ये कर्मचारी अपने मनमर्जी के साथ दोपहर में झंडा फहराएंगे और अपने बड़े कृत्य को छुपाने इस तरह का पर्दा डालेंगे। इस प्रकार यह कृत्य सीधे सीधे राष्ट्रद्रोह का मामला बनते नजर आ रहा है इस संबंध में हमारे प्रतिनिधि ने बालोद जिला एसपी , डौंडीलोहारा एसडीएम, डौंडी थाना प्रभारी से भी चर्चा की गई है लेकिन अभी तलक उक्त अधिकारी के खिलाफ कोई कार्यवाही नही हुई है अब इस मामले में कांकेर लोकसभा के सांसद मोहन मंडावी का बड़ा बयान है कि वे जिला कलेक्टर बालोद से चर्चा कर ऐसे लापरवाह अधिकारी के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही करवाएंगे। गौरतलब है कि 15 अगस्त को डौंडी नगर में सुबह से ही भारी बारिश हो रही थी बावजूद ग्रामीण बैंक को छोड़ सभी शासकीय कार्यालयों नगरपंचायत व गांव गलियों में देश की आन बान शान तिरंगा को पूरे जोश के साथ फहराया गया।

**क्या कहते है जनप्रतिनिधि**

राष्ट्र ध्वजारोहण में लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दास्त योग्य नही है मैं जिला कलेक्टर बालोद से चर्चा कर डौंडी के छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक मैनेजर विरुद्ध उचित कार्यवाही का बात रखूंगा।

**सांसद मोहन मंडावी कांकेर लोकसभा**

डौंडी में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक पर सुबह ध्वजारोहण नहीं किया गया था। दोपहर में ध्वजारोहण करने की जानकारी हो रही है। जिससे प्रतीत हो रहा कि यहां के अधिकारी अपने जिम्मेदारी ना निभाकर आजादी के अमृत महोत्सव की धज्जियां उड़ा रहे हैं। क्योंकि अधिकारी पोर्टल समाचार लगने के बाद एकलौता आये और शेष स्टाप नदारद है ऐसे अधिकारी और वहां के कर्मचारियों को देश के खिलाफ रहने की पूरी तरह से सजा मिलनी चाहिए।

# मुरमुंदा सांदीपनी एकेडमी के विद्यार्थियों ने किया शैक्षिक भ्रमण

पायनियर संवाददाता ◄ धमधा/मुरमुंदा
www.dailypioneer.com



सांदीपनी एकेडमी अछोटी दुर्ग (छ.ग) के शिक्षा विभाग के विद्यार्थियों ने प्रायोगिक शिक्षण छत्तीसगढ़ राज्य के हृदय स्थल राजधानी रायपुर के औद्योगिक क्षेत्र सिवनी स्थित पारले औद्योगिक इकाई का शैक्षिक भ्रमण किया गया। जिसमें एक विनिर्माण इकाई के अंतर्गत संचालित होने वाली विभिन्न प्रक्रियाओं, उपकरणों का कुशल उपयोग,फुड प्रोसेसिंग की प्रक्रिया, विभिन्न विभागों में कार्यरत दक्ष मानव संसाधन तथा उनके लिए कार्यक्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था,खाद्य सामग्री निर्माण तथा मार्केटिंग तक की पूरी प्रक्रियाओं की जानकारी प्रत्यक्ष अवलोकन के द्वारा विद्यार्थियों ने प्राप्त किया . देखने, जानने, समझने तथा कर के सीखने का अवसर समस्त विद्यार्थियों को प्राप्त हुआ, विदीत हो कि इसमें बी.एड., बी.एस सी. बी एड.,तथा, डी.एल.एड. के विद्यार्थियो ने अपनी उपस्थिति एवं भागीदारी दर्ज कि जिनकी संख्या 60 थी। इस कार्यक्रम का सफल क्रियान्वयन विवेक गौतम (सहायक प्राध्यापक) के नेतृत्व में एवं सरोज शुक्ला (सहायक प्राध्यापक)के सहयोग से संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के निर्देशक महेंद्र चौबे, संचालक विनीत चौबे, विभागाध्यक्ष डॉ. संध्या पुजारी मुख्य सलाहकार डॉ. आभा दुबे का विशेष योगदान सराहनीय रहा।

### टारगेट बॉल खिलाड़ी रीना नीरज ने बांग्लादेश में जीता सिल्वर मेडल



**कवर्धा।** कबीरधाम जिले के विधानसभा क्षेत्र कवर्धा के एक छोटे से गांव बोधईकुंडा के साधारण परिवार की एक छात्रा रीना मिरज पिता निहोरा मिरज ने बांग्लादेश में इंटरनेशनल टारगेट बॉल फेडरेशन द्वारा 05 अगस्त से 09 अगस्त 2022 के बीच ढाका में आयोजित टारगेट बाल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल जीतकर जिले के साथ प्रदेश और देश का नाम रोशन किया. उनकी इस उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री तथा कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के विधायक मोहम्मद अकबर के निज सहायक कीर्तन शुक्ला ने पुष्पगुच्छ भेंटकर और मिठाई खिलाकर बधाई दी।

# नवीन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन की मिली सौगात, क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com




प्रदेश की महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री अनिला भेंडिया ने ग्राम कामता में नवीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन डौंडीलोहारा का लोकार्पण कर क्षेत्रवासियों को स्वास्थ्य के क्षेत्र में नई सौगात दी है। सांसद मोहन मंडावी इस अवसर पर मौजूद थे। इस दौरान मंत्री भेंडिया ने नवीन स्वास्थ्य केंद्र में विभिन्न कक्षो का अवलोकन कर उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने ओपीडी कक्ष, दवाई वितरण कक्ष, लेबर रूम, महिला वार्ड, पुरुष वार्ड, चिकित्सक कक्ष आदि का अवलोकन किया। इस अवसर पर मंत्री भेंडिया ने अस्पताल में अपना रक्तचाप जांच भी कराया। मंत्री भेंडिया ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपस्थित लोगों को नवीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केंद्र के नए भवन मिलने से अब स्वास्थ्य सुविधाओं में विस्तार होगा। मंत्री भेंडिया ने स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों व स्टॉफ से कहा कि वे स्वास्थ्य केंद्र में आने वाले मरीजों से अच्छा व्यवहार बनाये रखें और उनको बेहतर स्वास्थ्य सुविधा दें। अस्पताल में आने वाले मरीजों का स्वास्थ्य जांच, उपचार व दवा वितरण सुव्यवस्थित रूप से हो। भेंडिया ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार स्वास्थ्य के क्षेत्र में विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक योजना, मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना की विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाने लोगो को प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सांसद मोहन मंडावी ने कहा कि नवीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन मिलने से क्षेत्रवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी हुई है। इसके लिए सभी को बहुत बहुत बधाई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एसके मंडल ने बताया कि 30 बिस्तर नवीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का निर्माण 2 करोड़ 50 लाख रुपए की लागत से किया गया है। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य चंद्रप्रभा सुधाकर, होरीलाल रावटे सहित जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. रेणुका श्रीवास्तव, एडीएम योगेन्द्र श्रीवास, डिप्टी कलेक्टर शीतल बंसल, स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक व स्टॉफ और बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# राजहरा व्यापारी संघ ने अटल योग सदन में लहराया तिरंगा



पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

स्वतत्रंता दिवस की 75 वीं वर्षगांठ आजादी के अमृत महोत्सव में राजहरा व्यापारी संघ ने अटल योग सदन में ध्वजारोहण छोटे छोटे बच्चों के करकमलों से करवाया गया। उसके पश्चात सभी को प्रसाद वितरण किया गया। इसके उपरांत गुप्ता चौक में जाकर ध्वजारोहण किया गया। राजहरा व्यापारी संघ द्वारा पूर्व घोषित तिरंगा यात्रा निकालकर पूरे नगर भ्रमण करने का निर्णय लिया गया था। लेकिन बारिश की वजह से दुपहिया वाहन की जगह चार पहिया वाहन से तिरंगा यात्रा की शुरूआत गुप्ता चौक से प्रारंभ कर चिखलाकसा से होते हुए फव्वारा चौक, श्रमवीर चौक, जैनभवन चौक, माइंस ऑफिस, सुभाष चौक, शहीद वीरनारायण सिंह चौक से वापस गुप्ता चौक में आकर रैली का समापन किया गया। इस अवसर पर व्यापारी संघ अध्यक्ष गोविंद वाधवानी, सुदेश सिंह, रमेश मित्तल, आलोक गुणधर, अमित जायसवाल, शंकर कुकरेजा, विशाल मोटवानी, प्रेम जायसवाल, कैलाश छाजेड़, गुलाब कुकरेजा, रंजीत, सुजीत झा, आशीष लालवानी, महावीर चोपड़ा, संजीव सिंह, राघवेंद्र शर्मा, जनार्दन सिंगरौल, जयदीप गुप्ता, लक्ष्मण सोनी, अर्पित जैन, महेंद्र सिंह, ललित जैन, विजय कुकरेजा, अशोक अग्रवाल, मो. इमरान, रमेश गुज्जर, हितेश लालवानी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# संतान की दीघार्यु के लिए माताओं ने रखा हलषष्ठी व्रत

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



माताओं ने अपनी संतानों के दीघार्यु के लिए हलषष्ठी व्रत रखें और श्रद्धा भक्ति के साथ कमरछठ के पारंपरिक ढंग से पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया, सावन माह के शुक्ल पक्ष के छठ पर्व इस वर्ष बुधवार को मनाया गया जहां महिलाओं ने सगरी की पूजा अर्चना किया गया सकरी में जल अर्पित किया गया गया उसके बाद भगवान महादेव गणेश भगवान माता पार्वती की अक्षत चंदन बेल पत्ती शमी पत्र फूल विभिन्न प्रकार के फल सहित श्रीफल अर्पित किया गया इसके साथ ही लाई भी चढ़ाय किया गया वहीं कई सुहागिन महिलाओं ने सुहाग सिंगार सामग्री चढ़ाएं और अंत में आरती कर आशीर्वाद लिया

वही इस अवसर पर विभिन्न स्थानों पर आचार्यों एवं पंडितों के द्वारा हलषष्ठी भगवान की कथा श्रवण किया गया और आरती उतारी गई तदुपरांत आचार्यों के द्वारा प्रसाद वितरण किया गया, कमर छठ पर्व पर जिला मुख्यालय की विभिन्न स्थानों में सार्वजनिक रूप से सकरी बनाया गया था वहीं कई घर में निजी रूप से भी सगरी बनाया गया था सगरी का निर्माण जमीन को खोदकर किया जाता है जिसकी चारों तरफ काशी आम सहित विभिन्न पेड़ों की वृक्षों की डाली को लगाइ जाती है, पसहर चावल विभिन्न प्रकार के भाजी का किया गया सेवन, सस्ती पर्व पर उपवास रहने वाले लोग आज के दिन बिना हल चले स्थान से उपजे खाद्यान्न पदार्थो का उपयोग करते हैं इसीलिए हलषष्ठ पर्व को बस हर चावल का उपयोग किया जाता है इसके अलावा विभिन्न प्रकार के भाजी का भी सेवन किया जाता है वही आज के दिन उपवास रहने वाले लोग गाय के दूध दही घी का उपयोग नहीं किया जाता बल्कि भैंस का दूध दही घी का उपयोग किया जाता है।

# आज़ादी का अमृत महोत्सव जिला सहकारी संघ में मनाया गया



**बेमेतरा।** जिला सहकारी संघ मर्यादित बेमेतरा में प्रति वषार्नुसार इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आजादी के अमृत महोत्सव पर ध्वजारोहण किया गया, इस अवसर पर प्राधिकारी अधिकारी विनय कुमार जेहोआश, प्रबंधक सोमेंद्र कुमार साहू, सहायक प्रबंधक सृजन धर दीवान और हरीश साहू उपस्थित रहे।

# कमरछठ पर्व पर वत्सला ने वात्सल्य को दी अद्वितीय उपहार

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



वत्सला ग्रुप के द्वारा कमर छठ पर्व पर महिलाओं को कमरछठ पर पूजा अर्चना के सामग्री का वितरण किया गया, बेमेतरा ब्लॉक में वत्सला कमरछठ सेवा 2022 कमरछठ पर्व को लेकर व्रतधारी माताओँ में एक अलग ही उत्साह की लहर दिखाई दी। संतानों की दीघार्यु ओर खुशहाली की कामना को लेकर माताएँ इस पर्व पर कठिन व्रत रखकर पूजा-अर्चना करती है। सगरिपूजा के लिए उपयोगी सामग्री जो कि दुर्लभ के साथ महेंगी होती है खरीदारी केआम महिलाओं को काफी मसक्कत और आर्थिक व्यवस्था देखनी पड़ती है। पिछले साल की तुलना में चावल व पूजन सामग्री का भाव काफी बढ़ा हुआ है। वत्सला ने जैसे ही कमरछठ सेवा 2022 का आगाज़ सोशल मीडिया और वोलेंटियर्स के माध्यम से बेमेतरा सहरी से ग्रामीण क्षेत्र तक महिलाओं को मिला, उनकी खुशी उत्साहदुगनी होती दिखाई दी। इस अनोखी सेवा के अंतर्गत संस्था ने स्वयंसेवी सेवाधारी महिलाओं की मदद से। कोबिया, गुनरबोर्ड, खिलोरा, बिज़ाभाट, ताला, मानपुर, बैजी ,नवापरा, पंजाबी पारा 9 से अधिक स्टालप्रातः 9 बजे से 11:30तक लगा कर सभी माताओं को पूजन सामग्रीसहजता से निशुल्क मुहैया करवाया। जिसमे भैषि के घी ,पसहर चावल से लेकर महुआ भी उपलब्ध करवाया गया , इस 2 घण्टे की समय मे हर एक स्टालपर निरन्तर महिलाओं का तांता लगा था जो कि अपने आप मे अद्वितीय रहा, साथ ही संस्था से प्राप्त जानकारी के अनुसार ऐसे बहुत जगह से ग्रामीण माताओं का निवेदन लगातार उनके इलाके में भी सेवा पहुचाने के लिए मिलता जारहा था ,यथा सम्भव जितना हो सका उन्होंने दिया और कई जगह सामग्री चुकी विक्रेताओं के पास खत्म होने की वजह से नही पहुँचा पाने के लिए उन्हें खेद है, परन्तु वत्सला संस्था ने आगामी वर्ष पूर्ण तैयारी के साथ यह सेवा प्रत्येक गांव, कस्बों की माताओं तकपहुंच पाए इसके लिए प्रयास रत रहेंगे। इस छोटी सी सेवा के बदले उन्हें जोअनगिनत शुभकामनाएं ओर आशीर्वाद मिला है वह अवर्णनीय है , वत्सला कार्यकारिणी सचिव स्वीटी सलूजा के साथ सभी समितिसदस्यों ने छत्तीसगढ़ माताओं का प्रेम और स्नेह के लिए आभार प्रकट किया ।

वार्डो की सड़कों को सीसी रोड़ एवं निकासी नाली निर्माण के लिए 52 कार्यो की मिली स्वीकृति

# देवकर नगर पंचायत में विकास कार्यों के लिए 2.47 करोड़ की मिली स्वीकृति

पायनियर संवाददाता ◄ देवकर
www.dailypioneer.com



कृषि, पशुपालन, मछलीपालन, जैव-प्रद्योगिकी, जलसंसाधन, पंचायती राज एवं संसदीय कार्यमंत्री रविन्द्र चौबे की अनुशंसा पर साजा विधानसभा क्षेत्र के नगर पंचायत देवकर को करोड़ों रूपये के विभिन्न विकास कार्यो की सौगात मुख्यमंत्री एवं वित्त समिति व नगरीय प्रशासन मंत्रालय द्वारा स्वीकृत कर दी गयी है, जिस पर नगर पंचायत के जनप्रतिनिधियों एवं नगरवासियों द्वारा अपने विधायक एवं दिग्गज कैबिनेट मंत्री रविंद्र चौबे का सादर आभार व्यक्त किया है।

**52 विभिन्न विकासकार्यो की मिली सौगात**

जानकारी के मुताबिक विगत कुछ वर्षो से नगर पंचायत देवकर के ज्यादातर वार्डो में सीसीरोड-नाली निर्माण एवं अन्य मूलभूत विकास कार्यों की मांग को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा कैबिनेट मंत्री रविन्द्र चौबे को अवगत कराई गयी थी। जिस पर मंत्री की अनुशंसा पर प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, शिव डहरिया एवं उनके वित्त समिति द्वारा नगर में तकरीबन 52 मूलभूत निर्माण एवं विकासकार्यो को स्वीकृति प्रदान कर दी गयी। जिससे अब नगर की गलियां सीसीकरण से युक्त होगी वही नाली निर्माण से निकासी व्यवस्था भी बेहतर होगी।

**ऐतिहासिक कार्यो से मिलेगी पहचान**

दरअसल विगत दिनों नगरीय प्रशासन द्वारा नगर पंचायत के समस्त वार्डो में सीसीरोड एवं नाली निर्माण के लिए 2 करोड़ 74 लाख रुपये की स्वीकृति मिली है, जिनमे नगर के वार्ड-01 मे केशरवानी बाड़ी से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तक करीब 28 लाख रुपए का नाली निर्माण, वार्ड-01 में डॉ.दीवान के घर से सुराना शासकीय अस्पताल तक करीब 20 लाख रुपये का आर सी सी रोड सीसी नाली निर्माण, वार्ड-02 में घुघुवाडीह तालाब से बिजली ऑफिस तक करीब 16 लाख रुपये का टॉप कोट सीसी रोड निर्माण, वार्ड-10 में बबली घर से लोकबंधी तालाब तक आठ लाख रुपये का सीसीरोड, वार्ड-10 में ही बबली घर से सिवनी घर तक करीब 15 लाख रुपये का सीसीनाली, बांस संस्करण केंद्र के सामने करीब 19 लाख रुपये का सीसीरोड, वार्ड 11 एवं 12 में करीब 09 लाख रुपये से सरारी में सीसीरोड, वार्ड-11 में साहू समाज भवन के सामने 17 लाख रुपये का सीसीरोड सहित अनेक कार्य शामिल है।

**जनप्रतिनिधियों ने मूलभूत कार्यो पर जताया आभार**

इस सम्बंध में नगर के समस्त जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं नगरवासियों द्वारा मंत्री जी का सादर अभिवादन के साथ आभार व्यक्त किया है, क्योंकि नगर के कई इलाकों में वर्षो से जर्जर हो चुके सड़कों एवं नालियों के मरम्मत एवं पुनर्निर्माण हेतु सीसीरोड व निकासी नाली की मांग की जा रही थी, जिस पर मांग के स्वीकृति मिलने पर सभी के द्वारा धन्यवाद व आभार दिया जा रहा है।

इस सम्बंध में नगर पंचायत देवकर के विधायक प्रतिनिधि विनोद कुंजाम ने बताया कि मंत्री रविन्द्र चौबे जी की अनुशंसा पर प्रशासन द्वारा करोड़ों रूपये की सौगात हमारे देवकर नगर पंचायत को मिली है। इन कार्यो से नगर के विकास में फायदा के साथ आमलोगों को सहूलियत भी मिलेगी। वही नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि बिहारी लाल साहू ने विभिन्न विकास कार्यो को नगर का गौरवपूर्ण विकास का आधार बताकर आभार व्यक्त किया।

### एसपी लाल उमेद सिंह ने किया ध्वजारोहण



**कवर्धा।** पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय कबीरधाम में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा ठाकुर रावटे, उप. पुलिस अधीक्षक नक्सल कौशल किशोर वासनिक, उप. पुलिस अधीक्षक नक्सल संजय ध्रुव, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पंडरिया पंकज पटेल, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बोड़ला जगदीश उइके, उप. पुलिस अधीक्षक जय सिंह मरावी,एंव कार्यालयीन अधिकारी/ जवान उपस्थित थे। तिरंगा फहराते समय प्लाटून द्वारा सलामी दी गई तथा ध्वजारोहण पश्चात् राष्ट्रगान गाया गया।

### नपा कार्यालय भवन में अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने किया ध्वजारोहण



**कवर्धा।** स्वतंत्रता दिवस के 75वी वर्षगांठ के अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा ने नगर पालिका परिषद कार्यालय भवन एवं शासकीय प्रमुख प्राथमिक शाला में ध्वजारोहण कर स्वतंत्रता दिवस की शुभकामना दी। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद कार्यालय भवन में नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा, भारत माता प्रतिमा स्थल में छग राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण के सदस्य कन्हैया लाल अग्रवाल, रानी झांसी बालोद्यान में नगर पालिका उपाध्यक्ष जमील खान, भीमराव अंबडेकर उद्यान में सभापति एवं पार्षद वार्ड नं.18 भीखम कोसले, शारदा संगीत महाविद्यालय सुषमा सिन्हा पार्षद वार्ड क्रं.07 एवं जय स्तंभ गांधी मैदान में महिमा गुप्ता पार्षद वार्ड क्रं. 13 ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष के साथ उपाध्यक्ष,पार्षदगण, एल्डरमेन, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नरेश कुमार वर्मा, पालिका के अधिकारी, कर्मचारी, व वरिष्ठ नागरिक अधिक संख्या में उपस्थित थे।

# भाजपा की राष्ट्रीय राजनीति में बिलासपुर संभाग का दबदबा बढ़ा, मगर चुनौतियां भी गंभीर

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी ने अंततः नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक को पद से मुक्त करते हुए चांपा के विधायक और पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष नारायण चंदेल को नेता प्रतिपक्ष के रूप में चयनित कर दिया है। नारायण चंदेल पिछड़ा वर्ग के नेता है भारतीय जनता पार्टी ने पिछड़ा वर्ग के ही बिलासपुर सांसद अरुण साहू को 8 दिन पहले ही प्रदेश भारतीय जनता पार्टी का अध्यक्ष नियुक्त किया है ।इस तरह पिछड़ा वर्ग के 2 नेताओं को भारतीय जनता पार्टी ने छत्तीसगढ़ में बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है ।यह एक संयोग है कि भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष दोनों बिलासपुर संभाग के हैं इस लिहाज से भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश और राष्ट्रीय राजनीति में बिलासपुर का दबदबा बढ़ गया है। यह भी उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ चरणदास महंत भी बिलासपुर संभाग अंतर्गत सकती विधानसभा क्षेत्र के विधायक हैं । इस तरह विधानसभा अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष दोनों ही एक ही जिले अर्थात जांजगीर के निवासी हैं । नवनियुक्त नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल भले ही भाजपा के पितृ पुरुष लखीराम अग्रवाल के सानिध्य में राजनीति की शुरुआत की। पिछले विधानसभा चुनाव की बात करें तो भारतीय जनता पार्टी को छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों के बनिस्बत बिलासपुर संभाग में आशातीत सफलता मिली थी और अब प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण साव तथा नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल को भाजपा ने सिर्फ बिलासपुर संभाग की नहीं बल्कि पूरे प्रदेश की जिम्मेदारी सौंपी है ।नेता प्रतिपक्ष चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी पशोपेश में थी जाति समीकरण के हिसाब से प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष पद पर सांसद अरुण साहू को नियुक्त करने के पीछे साहू समाज को यह संदेश दिया गया कि भारतीय जनता पार्टी प्रदेश के करीब 40 लाख साहू मतदाताओं के साथ है यानि भारतीय जनता पार्टी विधानसभा चुनाव में साहू मतदाताओं को खुश करके चुनावी वैतरणी पार करना चाहती है। इसके लिए उन्हें आदिवासी प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय को हटाना पड़ गया। तब यह माना गया कि भारतीय जनता पार्टी यदि नेता प्रतिपक्ष को भी बदलना चाहती है तो किसी आदिवासी विधायक या सामान्य वर्ग से निर्वाचित विधायक को मौका देगी ।यही नहीं बिलासपुर सांसद को प्रदेश अध्यक्ष का जिम्मा सौपे जाने जान के बाद यह माना जा रहा था कि नेता प्रतिपक्ष यदि बदला जाता है तो रायपुर संभाग को महत्त्व दिया जाएगा ताकि रायपुर और बिलासपुर के बीच संतुलन बना रहे लेकिन पूरे प्रदेश में पिछड़ा वर्ग की एक और जाति कुर्मी जिसके पूरे प्रदेश में 30लाख से भी अधिक मतदाता हैं को इग्नोर करना नुकसानदायक हो सकता है ।यह मानकर भारतीय जनता पार्टी ने रायपुर और बिलासपुर के बीच संतुलन की परवाह न करते हुए कुर्मी समाज से विधायक नारायण चंदेल को नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी दे दी गई ।अब सवाल यह उठता है कि पिछले 15 वर्षों से छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी का कमान संभालने वाले पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह और नेता प्रतिपक्ष धरम लाल कौशिक की पार्टी में अब क्या उपयोगिता रहेगी? चुनावी वर्ष है इसलिए भारतीय जनता पार्टी इन दोनों नेताओं को नेपथ्य में भेजने के बजाय कोई न कोई पद से इन दोनों नेताओं को उपकृत कर दिया जाए तो कोई आश्चर्य नहीं होगा .।इसके लिए राज्यपाल तथा राज्यसभा सदस्य के साथ ही भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व में भी स्थान मिल सकता है।वैसे डा रमन सिंह अभी पार्टी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तो हैं ही । नवनियुक्त प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष अरुण साव और नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल के लिए अब जबकि विधानसभा चुनाव को सिर्फ 1 साल बचे हैं, प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष के रूप में कांटों का ताज मिला है और दोनों के समक्ष कई गंभीर चुनौतियां हैं सबसे बड़ी चुनौती दोनों के समक्ष प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी का न केवल जनाधार बढ़ाना है बल्कि 14 सीटों को बढ़ाकर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाने के लिए भी संघर्ष करना है। जिस तरह केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष विपक्षी दलों की कोई दाल नहीं गल रही है ठीक उसी तरह छत्तीसगढ़ में भी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार भारतीय जनता पार्टी के समक्ष चट्टान की तरह खड़ी है अरुण साहू और नारायण चंदेल को उस चट्टान को रेत में बदलने की जिम्मेदारी दी गई है हालांकि भाजपा संगठन संघ के कई ऐसे तमाम बड़े नेता जो पर्दे के पीछे रह कर रणनीति तैयार करते हैं, ऐसे नेताओं का भी अरुण साव और नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल को मार्गदर्शन मिलेगा। छत्तीसगढ़ भाजपा में आमूलचूल परिवर्तन का सिलसिला शुरू हो गया है प्रदेश प्रभारी से लेकर क्षेत्रीय संगठन मंत्री और प्रदेश अध्यक्ष ,,नेता प्रतिपक्ष बदले जाने के बाद अब संभव है जिलों के संगठन में बैठे लंबे समय से बैठे मठाधीश पदाधिकारियों को भी देर सवेर बदल दिया जाएगा तथा नए चेहरों को मौका दिया जाएगा ताकि नई ऊर्जा और नई टीम के साथ भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल सरकार से टक्कर ले सके। और 1 साल के भीतर पार्टी को इतना मजबूत कर दें कि चुनाव में भाजपा का प्रदर्शन 2003 और 2008 तथा 2013 की तरह दमदार हो इस बड़ी जिम्मेदारी और कांटों का ताज पहनने में प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष कितने सफल होते हैं आने वाला समय बताएगा लेकिन इतना जरूर है कि दोनों के सामने गंभीर चुनौतियां मुंहबाये खड़ी है।

# कलेक्टर ने आकांक्षा प्लेटफॉर्म के तहत आयोजित प्लेसमेंट कैम्प का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



जिले के युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए जिला प्रशासन के अभिनव पहल 'सशक्त युवा सशक्त मुंगेली' अभियान के अंतर्गत आनलाईन आकांक्षा प्लेटफॉर्म के तहत जिला कलेक्टोरेट परिसर स्थित जनदर्शन कक्ष में निजी कम्पनी द्वारा प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया। जिसका निरीक्षण कलेक्टर ने किया और निजी नियोजक के प्रतिनिधि से प्लेसमेंट के संबंध में जानकारी लेकर जिला रोजगार अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशानुरूप जिले के युवाओं को रोजगार व स्वरोजगार से जोड़ने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सतत् प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने प्लेसमेंट कैम्प में पहुंचे युवाओं से भी चर्चा की और उन्हें प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती लेखनी सोनू चंद्राकर एवं अपर कलेक्टर तीर्थराज अग्रवाल भी मौजूद थे।

जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि मारूति सुजुकी इंडिया लिमिटेड हंसलपुर, बेचराजी, गुजरात कम्पनी द्वारा 02 वर्षीय आई. टी. आई प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत विभिन्न पदों पर भर्ती हेतु प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। इस प्लेसमेंट कैम्प में जिले के अधिक से अधिक युवाओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इन युवाओं का 20 अगस्त को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से इंटरव्यू होगी और 25 अगस्त को जनदर्शन कक्ष में इंटरव्यू में उत्तीर्ण युवाओं का मेडिकल टेस्ट किया जाएगा। जो आवेदक मेडिकल टेस्ट में फिट होंगे, उन्हें 02 वर्ष तक अहमदाबाद स्थित मारूति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के वर्कशाप में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस दौरान प्रशिक्षण अवधि में कम्पनी की ओर से प्रशिक्षणार्थियों को निःशुल्क भोजन व आवासीय सुविधा के साथ प्रतिमाह 11 हजार 600 रूपए वेतन दी जाएगी।

## कलेक्टर ने सुनी जनदर्शन में आमजनों की समस्याएं, नियमानुसार निराकरण के दिए निर्देश 3 हितग्राहियों का तत्काल बना राशनकार्ड



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशानुरूप आमजनों की समस्याओं के निराकरण के लिए जिला कलेक्टोरेट स्थित जनदर्शन कक्ष में प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाले जनदर्शन में कलेक्टर दूरदराज से पहुंचे आमलोगों से रूबरू हुए और उनकी समस्याओं एवं मांगों को गंभीरतापूर्वक सुनी। इस दौरान जनदर्शन में ग्राम जरेली की श्रीमती पिंकी दिवाकर, ग्राम धनगांव की श्रीमती अध्धन बाई और ग्राम लालपुर थाना की कैलान बाई ने नवीन राशनकार्ड के लिए आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर ने उनके आवेदन पत्र पर संवेदनशीलता से विचार करते हुए जिला खाद्य अधिकारी को तत्काल राशनकार्ड बनाने के निर्देश दिए। निर्देश के परिपालन में जांच उपरांत इन हितग्राहियों को मौके पर ही पात्रतानुसार नवीन राशनकार्ड बनाकर उपलब्ध कराया गया।

# आजादी के अमृत महोत्सव में शामिल हुई कांग्रेस नेत्री रीना गेवाड़ीन

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



शक्ति शहर सहित पूरे अंचल में जनसेवा, रचनात्मक एवं विभिन्न सेवा कार्यों के लिए अपनी पहचान स्थापित कर चुकी मारवाड़ी युवा मंच महिला जागृति शाखा सक्ती ने 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के मौके पर शहर के गेवाड़ीन कॉलोनी में आजादी के अमृत महोत्सव की 75 वीं वर्षगांठ का जश्न उत्साह के साथ मनाया, इस अवसर पर जहां महिला जागृति शाखा शक्ति की अध्यक्ष श्रीमती रीना गेवाडीन भारत माता के प्रतीकात्मक स्वरूप में नजर आई तो वही शाखा के सभी सदस्य भी राष्ट्रप्रेम से ओतप्रोत पूरे उत्साह के साथ इस ध्वजारोहण कार्यक्रम में शामिल हुए,तथा इस अवसर पर महिला जागृति शाखा की अध्यक्ष रीना गेवाड़ीन ने सभी सदस्यों को स्वतंत्रता दिवस पर्व की शुभकामनाएं प्रेषित की, तो वही ध्वजारोहण भी किया गया, तथा वंदे मातरम, स्वागत गीत एवं पूजा अर्चना के साथ सभी ने भारत माता को वंदन किया एवं इस अवसर पर रीना गेवाडीन ने कहा कि आजादी का यह अमृत महोत्सव हम सभी के लिए महत्वपूर्ण अवसर है, तथा इस अवसर पर लोगों ने अपने घरों में तिरंगा लगाकर राष्ट्र प्रेम एवं राष्ट्रभक्ति का परिचय दिया है, तथा मारवाड़ी युवा मंच की महिला जागृति शाखा शक्ति की ओर से भी मैं समस्त क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं प्रेषित करती हूं, वही इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया तथा पहली बार यह अवसर रहा जब महिला जागृति शाखा ने इतने उत्साह के साथ स्वतंत्रता दिवस के इस राष्ट्रीय पर्व को आयोजित किया, तथा 15 अगस्त को मारवाड़ी युवा मंच की महिला जागृति शाखा शक्ति द्वारा आयोजित स्वतंत्रता दिवस के ध्वजारोहण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महिला जागृति शाखा अध्यक्ष रीना गेवाडीन, सचिव रितु अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष गुड्डी अग्रवाल, आशा अग्रवाल, उषा अग्रवाल, हेमलता अग्रवाल, सोनु शर्मा सहित काफी संख्या में सदस्य मौजूद रहे।

# पूर्व नपा अध्यक्ष अग्रवाल ने की एनएच मरम्मत की पहल

**सक्ती।** शक्ति शहर से होकर गुजरी पुरानी एनएच सड़क की इन दिनों बदतर स्थिति के चलते लोग जानलेवा सड़क पर यात्रा करने को मजबूर हैं, साथ ही एनएच सड़क की हालत यह हो गई है कि उपरोक्त मार्ग से दिनभर शहर के बच्चे साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों के भी बच्चे शहर के विद्यालयों में पैदल एवं साइकिल के माध्यम से उक्त सड़क पर आवागमन करते हैं, जिससे 24 घंटे उन्हें अपनी जान का खतरा बना हुआ है, किंतु इसके बावजूद संबंधित राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग को इससे कोई लेना-देना नहीं है,तथा लोग परेशान होकर पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष,कांग्रेस नेता, जिला खनिज न्यास निधि जांजगीर चांपा के सदस्य श्यामसुंदर अग्रवाल के पास पहुंचे तथा श्यामसुंदर अग्रवाल ने तत्काल राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच के अधिकारियों को फोन के माध्यम से नागरिकों की जन भावनाओं एवं समस्याओं से अवगत कराते हुए उपरोक्त कार्य को तत्काल प्रारंभ कराने की बात कही तथा कार्य प्रारंभ ना होने पर उपरोक्त मांग को लेकर जन आंदोलन करने की भी चेतावनी दी, जिस पर तत्काल राष्ट्रीय राजमार्ग के एसडीओ एवं सब इंजीनियर ने शक्ति पहुंचकर सड़कों की स्थिति का मुआयना किया।

# हंसलएकेडमी के संचालक सुरेश साहू युवाओं को दे रहे मार्गदर्शन

**जैजैपुर।** आजादी के अमृत महोत्सव की अगुवाई हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मार्ग का अनुसरण हंसल एकेडमी के संचालक एवं सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश साहू ने बखूबी से अपने कारवा को अग्रसर करने में तुले हैं। जहां पर आज युवाओं को सही मार्गदर्शन की आवश्यकता है। जहां पर नगर पालिका अधिकारी, पुलिस सब इंस्पेक्टर जैसे पदों से त्यागपत्र देकर सामाजिक कार्य को प्राथमिकता दे रहे हैं, अब युवक एवं युवती में देश प्रेम का जज्बा तथा शिक्षा के क्षेत्र में अलख जगाना उनका प्रमुख उद्देश्य बन गया है, सुरेश साहू छात्र एवं छात्राओं को शिक्षा के क्षेत्र में सजग करने के साथ सेना का सम्मान करना और अच्छे नागरिक बनने के लिए प्रेरित करना अपने मार्ग दर्शन का मूल मंत्र बताएं । हंसल एकेडमी के माध्यम से पीएससी, व्यापम, पुलिस, आर्मी जैसे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करा कर संही मार्ग में चलने की प्रेरणा दे रहे हैं। इसी तारतम्य में हंसल एकेडमी के छात्र /छात्राओं ने जी एस सी स्कूल से नया बस स्टैंड जैजैपुर तक तिरंगा रैली निकाली। जिसमें देश भक्ति का जज्बा भारत माता की जय वंदे मातरम उद्घोष से आसमान गूंजता रहा आन बान शान से तिरंगा रैली का सभी छात्र/ छात्रा सराबोर में डूबे रहे।

# आजादी का अमृत महोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह



पायनियर संवाददाता < जैजैपुर
www.dailypioneer.com

प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला नक्तिडीह में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रतिभावान बच्चों को पुरस्कार वितरण किया गया। कक्षा आठवीं-से संजना रात्रे, सातवीं- दुर्गा कुर्रे, छठवीं- भुनेश्वर कुमार केंवट, पांचवी -रितेश कुमार, चौथी- भूषण बंजारे, तीसरी- शुभम कुमार खूंटे, दूसरी- सोनिया महिलांगे, पहली-नेहा कुमारी चंद्रभाष, ने अपने कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किए, जिन्हें प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो एवम इनाम राशि देकर सम्मानित किया गया। शाला परिवार सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते है। सभी बच्चों को सन 2014 से पुरस्कार देने वाले गांव के भारतीय फौजी जय प्रसाद टंडन को बहुत बहुत धन्यवाद एवम आभार, आप हमेशा इसी तरह बच्चो को पुरस्कृत कर बच्चो का मनोबल बढ़ाते रहे। इस अवसर प्राथमिक शाला नक्तिडीह से सीताराम दुबे शिक्षक रविंद्र राठौर, रामाधार यादव, चमेली पटेल संतोष कुमार कश्यप, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नक्तिडीह से चंद्रजीत पीटर शिक्षक राजू मनहर, रामजी देवांगन, चंद्रकुमारी खूंटे, ग्राम के सरपंच गंगा प्रसाद जांगड़े, ग्राम के अधिवक्ता धनीराम रात्रे, एवम ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# स्वतंत्रता दिवस में सम्मानित हुए स्कूल में टॉप करने वाले विद्यार्थी

पायनियर संवाददाता < जांजगीर-चाम्पा
www.dailypioneer.com



स्वामी आत्मानंद स्कूल बम्हनीडीह में पढ़ाई करने वाले ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने दसवी-बारहवी की परीक्षाओं में उच्च अंक लाकर टॉप किया है, ऐसे प्रतिभावान विद्यार्थियों के लिए आजादी का यह अमृत महोत्सव और स्वतंत्रता दिवस का समारोह बहुत ही यादगार रहा। स्कूल प्रबंधन द्वारा इन विद्यार्थियों को न सिर्फ सम्मानित किया गया, अपितु उन्हें आजादी का महत्व बताते हुए राष्ट्र निर्माण में विद्यार्थियों के योगदान को बताया गया और बेहतर भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई। स्कूल में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में ध्वजारोहण के पश्चात क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने आजादी के अमृत महोत्सव के विषय में विस्तार से बताया। जनप्रतिनिधियों ने राष्ट्र की एकता और भाईचारे का संदेश देते हुए कहा कि हमें गर्व होना चाहिए कि हम स्वतंत्र देश में रहते हैं। आज का दिन देश के लिए कुर्बानी देने वालों को नमन करने का दिन भी है। इस अवसर पर सभापति सुनील बरेठ, सरपंच मालती राजकुमार पटेल, पंच आशीष तिवारी, उपाध्यक्ष संतोष जायसवाल, सोनू जायसवाल, एस सी शुक्ला, सुनील कर्ष , अजय सराफ, आलोक अग्रवाल आदि गणमान्य नागरिक एवं पालकगण तथा शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थी। वर्ष 2021-22 में स्कूल में कक्षा 10 वीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा वैश्वी वैष्णव द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली वेदिका कंसारी, तृतीय स्थान आने पर मुस्कान कंसारी को मेडल व प्रशस्ति पत्र दिया गया। इसी तरह 12 वी में प्रथम सौम्य अग्रवाल, द्वितीय दीपाली अग्रवाल, और तृतीय स्थान प्राप्त करने पर छात्र प्रशांत पटेल को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। स्कूल की प्राचार्य श्वेता शुक्ला द्वारा टॉप करने वाले प्रतिभावान छात्रों और उनके अभिभावकों को भी माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस समारोह में प्राचार्य श्वेता शुक्ला ने कहा कि किसी भी स्कूल की पहचान वहां बेहतर शिक्षा प्रदान करने वाले शिक्षकों और अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों से होती है।

# महानदी का जल स्तर घटने पर जनता और प्रशासन ने ली राहत की सांस

पायनियर संवाददाता < शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



प्रदेश में शुक्रवार की रात से लगातार हो रही बारिश से महानदी का जल स्तर काफी बढ़ गया था और इसी दौरान 15 अगस्त को गंगरेल डैम से भी प्रति सेकेण्ड़ 56 लाख लीटर पानी महानदी में छोड़ा जा रहा था जिससे महानदी के तटीय क्षेत्र में बाढ़ का खतरा काफी बढ़ गया था और जिला प्रशासन इस खतरा को देखते हुए महानदी के तटीय क्षेत्र के लोगों को सतर्क रहने अलर्ट जारी किया था और उन्हे सुरक्षित स्थान पर चले जाने का निर्देश दिया गया था। जिला प्रशासन ने बाढ प्रभावितों को ठहराने के लिए राहत शिविर बनवाये थे और उनके भोजन की भी व्यवस्था किया गया था । बाढ़ की हर स्थिति से निपटने तथा लोगों की जान माल की सुरक्षा के लिए जिला प्रशासन व्दारा नदी किनारे गोताखोर रेस्क्यु टीम ,पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारियों की ड्युटी लगाये गये थे जो लगातार बाढ़ की स्थिति का जायजा ले रहे थे और लोगों को नदी किनारे जाने से रोक रहे थे । शिवरीनारायण महानदी के तट पर बसा हुआ है और यह नदी का पूर्णतः डूबान क्षेत्र है इसलिए शिवरीनारायण की जनता और व्यापारी शिवरीनारायण में बाढ़ की आशंका से काफी चिंचित थे और नगर के कुछ बड़े व्यापारी अपने दुकान के सामान समेटना प्रारंभ कर दिया था और नदी किनारे जा जा कर बाढ़ की जानकारी ले रहे थे ताकि बाढ़ की गति अधिक होने पर समय रहते अपने दुकान व घरों के सामान को सुरक्षित स्थान पर पहुंचा सके । छ. ग. में गंगरेल डैम के साथ साथ ओड़िसा में हीराकुंड डैम व्दारा भी पानी छोड़ने हेतु 26 गेट खोले होने के कारण नदी का पानी ज्यादा फैलाव नही ले सका और नदी के दोनों ओर की तट सीमा के अन्दर से ही डैम का पानी निकल गया और 16 अगस्त की देर रात से महानदी का जल स्तर घटने लगा है आज सुबह लगभग 9 बजे शबरी सेतु से पानी नीचे उतर गया है और पुल से आवागमन प्रारंभ हो गया है । महानदी का जल स्तर लगातार घट रहा है जिसे देख कर प्रशासन और महानदी तटीय क्षेत्र की जनता दोनो ने राहत की सांस ली है।

**बाढ़ से शबरी सेतु चार दिन में दो बार डूबा-** छत्तीसगढ़ में शुक्रवार की रात से लगातार बारिश होने के कारण प्रदेश के सभी नदी नाले ऊफान पर थे और महानदी का जल स्तर भी काफी बढ़ गया था जिसके कारण शिवरीनारायण महानदी में बने शबरी सेतु 13 अगस्त की रात लगभग 8 बजे डूब गया और लगभग 24 घंटे तक पानी में डूबा रहा इस दौरान पुल पर आवागमन बंद रहा।

# सैक्स रैकेट पकड़ाया, पड़ोसी जिले के 3 युवक और 3 युवती गिरफ्तार



**बिलासपुर।** पुलिस ने सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया है। तीन युवक और तीन युवतियां पुलिस के हत्थे चढ़ी हैं। पड़ोसी जिले जांजगीर से आकर ये शहर में देह व्यापार का अवैध कारोबार चला रहे थे। आरोपियों के खिलाफ पीटा एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है। दरअसल, सिविल लाइन पुलिस को सूचना मिली कि नगर निगम कॉलोनी, महाराणा चौक के पास देह व्यापार का अवैध कारोबार संचालित हो रहा है। पुलिस ने टीम बनाकर छापेमार कार्रवाई की। जिसमें तीन युवक व तीन युवतियां अपत्तिजनक हालत में पुलिस के हत्थे चढ़े। पूछताछ में सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ हुआ। पड़ोसी जिले जांजगीर से आकर आरोपी शहर में देह व्यापार का अवैध धंधा संचालित कर रहे थे।

# क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग पर करें कार्यवाही: सिन्हा

पायनियर संवाददाता < जांजगीर-चाम्पा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने समय-सीमा की बैठक लेते हुए एसडीएम, तहसीलदार और सीएमओ को निर्देशित किया कि जिले में अवैध प्लाटिंग करने वालों के विरूद्ध जांच कर पुलिस में एफआईआर दर्ज कराकर कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने अपर कलेक्टर को उसके लिए संयुक्त जांच टीम गठित कर कार्यवाही के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में लंबित विभागीय प्रकरणों की समीक्षा करते हुए शीघ्र ही निराकरण के निर्देश दिए। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर सिन्हा ने शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं की विभागवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों से आपस में समन्वय बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले के सभी गंभीर कुपोषित बच्चों के लिए चलाये जा रहे सुपोषण मिशन अभियान में प्रगति लाने के निर्देश महिला बाल विकास एवं स्वास्थ्य विभाग को दिए। कलेक्टर ने राजीव गांधी कृषि भूमिहीन मजदूर न्याय योजना अंतर्गत प्राप्त आवेदनों पर कार्यवाही करते हुए पात्रता अनुसार हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजीव गांधी युवा मितान क्लब योजना में सदस्यों के खाता खोलने और आने वाले दिनों में शासन की मंशा अनुरूप पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी की जन्मदिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित कर लाभान्वित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्कूली विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्रों के कार्यों को शीघ्रता से करने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारियों को दिए। उन्होंने इस कार्य में प्रगति नही दिखने पर नाराजगी जतायी। बैठक में खराब सड़कों को मरम्मत करने के निर्देश और कोरोना से बचाव के लिए सावधानियां बरतने के साथ टीकाकरण कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कलेक्टर कॉफ्रेन्स अंतर्गत एजेण्डाओं की चर्चा करते हुए अधिकारियों को अद्यतन जानकारी प्रस्तुत करने तथा विभागीय योजनाओं में प्रगति लाने के निर्देश दिए।

# नगर पंचायत अड़भार ने वार्डों में बीमारियों से निजात दिलाने किया दवा का नियमित छिड़काव

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



नवीन शक्ति जिले की नगर पंचायत अड़भार द्वारा वर्तमान में बारिश मौसम मैं होने वाली संक्रामक बीमारियों एवं मच्छरों से शहर वासियों को बचाव की दिशा में सकारात्मक पहल करते हुए दवाइयों का छिड़काव किया जा रहा है, इस दौरान नगर पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती चंद्रप्रभा गर्ग, मुख्य नगरपालिका अधिकारी प्रताप सिंह राजपूत, विधायक प्रतिनिधि ज्योतिष गर्ग के निर्देशानुसार सफाई निरीक्षक विकास देवांगन के मार्गदर्शन में सफाई विभाग के कर्मचारी शहर के प्रत्येक वार्डों की नालियों तथा खुले स्थान पर दवाइयों का छिड़काव कर रहे हैं,साथ ही नगर पंचायत अड़भार के सफाई विभाग द्वारा नियमित रूप से नालियों में ब्लीचिंग पाउडर तथा सफाई इत्यादि का कार्य करवाया जाता है, तो वहीं बारिश मौसम को देखते हुए किसी भी प्रकार के संक्रामक बीमारियों का प्रभाव शहर में ना हो इस दिशा में भी नगर पंचायत सकारात्मक पहल कर रही है, वहीं शहर में मच्छरों से बचाव की दिशा में भी इन दवाइयों का नियमित रूप से छिड़काव हो रहा है,तथा इस संबंध में सफाई दरोगा विकास देवांगन ने बताया कि नगर पंचायत के सभी वरिष्ठ अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के सहयोग से शहर को स्वच्छता की दिशा में अग्रणी स्थान पर स्थापित करने सकारात्मक पहल हो रही है, तथा अ?भार शहर पूरे जिले में एक सर्वश्रेष्ठ निकाय के रूप में अपनी पहचान बना रही है, एवं सभी शहरवासी स्वच्छता के इस कार्य में बढ़-चढ़कर अपना योगदान दे रहे हैं।

# कॉल सेंटर के माध्यम से भी लोगों की समस्याओं का हो रहा है निराकरण



**मुंगेली।** जिला कलेक्टोरेट परिसर स्थित जनदर्शन कक्ष में प्रत्येक मंगलवार को आयोजित होने वाले जनदर्शन कार्यक्रम के अलावा प्रत्येक दिन कॉल सेंटर के माध्यम से भी लोगों की समस्याएं सुनी जा रही है। इसी कड़ी में विगत दिनों कॉल सेंटर के माध्यम से विकासखण्ड लोरमी के ग्राम नथेलापारा के ग्रामीण मुकेश जोशी ने नवीन राशनकार्ड बनाने की मांग की। कलेक्टर के निर्देश पर जिला खाद्य अधिकारी द्वारा आवेदन पत्र की जांच उपरांत आज मुकेश जोशी को पात्रतानुसार नवीन राशनकार्ड बनाकर जनदर्शन कक्ष में प्रदान किया गया।


## कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग जगदलपुर जिला बस्तर

// मैनुअल निविदा सूचना //

दूरभाष नम्बर- 07782-222865 ई-मेल आई डी - eeresjagdalpur@gmail.com

क्रमांक/1956/व.ले.लि./ग्रायांसेवा/2022-23 जगदलपुर, दिनांक 8/08/2022

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से जिला बस्तर के विकास खण्डों के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायतों में चालू वित्तीय वर्ष 2022 - 23 में विभिन्न योजनाओं के तहत स्वीकृत होने वाले निर्माण कार्यों के संपादन हेत प्रथम बार जोनल निविदा 24.08.2022 तक आमंत्रित की जाती है :-

| क्रं. | विकासखण्ड/ कार्य स्थल | कार्य का विवरण प्रत्येक जोन के तहत | अनुमानित लागत (रूपये लाख में) | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. |
| 1. | विकासखण्ड जगदलपुर जोन 3 अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायतों में विभिन्न योजनाओं के तहत स्वीकृत होने वाले निर्माण कार्य भाग-2 एवं 3 | रू. 10.00 लाख एवं इससे कम लागत के भवन/ मंच/ पुलिया/ बाउंड्रीवाल/ नाली/ सड़क एवं अन्य समस्त प्रकार के निर्माण कार्य | 40.00 लाख प्रत्येक हेतु | 24.08.2022 (अपरान्ह 5.30 बजे तक) |

2. उपरोक्त निर्माण कार्यों के निविदा की सम्बधी शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट www.cg.nic.in/resworks से भी दिनांक 18.08.2022 के पश्चात् डाउनलोड की जा सकती है।

(डी.पी. देवांगन)
कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा,
संभाग जगदलपुर

G-93585/4

## ओला ने नया मास मार्केट एस 1 स्कूटर किया लॉन्च

